IFFDC

*Preserving Nature . Nurturing Lives*

# 33rd ANNUAL REPORT 2025 - 2026



इंडियन फार्म फारेस्ट्री डवलपमेन्ट कोआपरेटिव लिमिटेड

**INDIAN FARM FORESTRY DEVELOPMENT COOPERATIVE LIMITED**




श्री दिलीप संघाणी, अध्यक्ष, इफको एवं श्रीमती गीता बेन संघाणी का आई.एफ.एफ.डी.सी. के अध्यक्ष श्री गुरु प्रसाद त्रिपाठी एवं प्रबंध निदेशक श्रीमती माधवी एम. विप्रदास द्वारा आई.एफ.एफ.डी.सी. की प्रदर्शनी भ्रमण के दौरान स्वागत




श्री के.जे. पटेल, प्रबंध निदेशक, इफको का आई.एफ.एफ.डी.सी. की प्रबंध निदेशक श्रीमती माधवी एम. विप्रदास द्वारा आई.एफ.एफ.डी.सी. की प्रदर्शनी भ्रमण के दौरान स्वागत

# विषय सूची
# Contents


2 आई.एफ.एफ.डी.सी. एक दृष्टि में
IFFDC at a Glance

4 विजन, मिशन एवं उद्देश्य
Vision, Mission and Objectives

6 निदेशक मण्डल
Board of Directors

7 पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मुख्य कार्यकारी/प्रबंध निदेशक
Ex-Chairmen, Ex-Chief Executives/Managing Director

8 आई.एफ.एफ.डी.सी. लिमिटेड - हमारे बारे में
IFFDC Limited-About us

12 हमारा दृष्टिकोण
Our Approach

14 परियोजनाओं का विवरण
Details of Projects

16 निदेशकों की रिपोर्ट
Directors' Report

20 क्लाईमेट एक्शन
Climate Action

20 सामाजिक वानिकी विकास
Social Forestry Development

32 जलग्रहण प्रबंधन (पारिस्थितिकीय प्रतिस्कंदन)
Watershed Management (Ecological Resilience)

36 कृषक उत्पादक संगठन संवर्द्धन परियोजना
Promotion of Farmer Producers Organisation (FPO) Project

40 समन्वित ग्रामीण आजीविका विकास
Integrated Rural Livelihood Development

44 सब्जी फसलों में नैनो उर्वरकों के प्रोत्साहन पर पायलट परियोजना
Pilot Project on Promotion of Nano Fertilisers in Vegetable Crops

46 सी.एस.आर. पहल
C.S.R. Initiative

46 केन्द्र सरकार द्वारा समर्थित परियोजनायें
Projects supported by Central Government

48 नवीन परियोजनायें
New Projects Mobilised

50 सार्वभौमिक अवधान
Cross Cutting Interventions

50 सामुदायिक संस्थायें
Community Institutions

52 जेंडर को मुख्य धारा से जोड़ना एवं महिला सशक्तिकरण
Gender Mainstreaming and Women Empowerment

56 क्षमता निर्माण
Capacity Building

60 बीज एवं अन्य कृषि आदान
Seed and Other Agri-Inputs

60 बीज
Seed

66 उर्वरक एवं कृषि रसायन
Fertilisers & Agro-Chemicals

70 मानव संसाधन विकास
Human Resource Development

72 प्रचार-प्रसार गतिविधियाँ
Publicity Activities

72 पुरस्कार तथा सम्मान
Awards and Recognitions

74 आभार
Acknowledgements

76 आपका आभार
We are thankful to .....

76 लेखा परीक्षक एवं बैंकर
Auditors & Bankers

79 स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट
Independent Auditors' Report

82 तुलन पत्र
Balance Sheet

83 लाभ हानि लेखा
Profit & Loss Account

84 वित्तीय कथनों पर टिप्पणियाँ
Notes on Financial Statements

100 नकदी प्रवाह का विवरण
Cash Flow Statement

# आई.एफ.एफ.डी.सी.
## एक दृष्टि में

**पंजीयन**
अक्टूबर 22, 1993 को बहुराज्यीय सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1984 (तत्पश्चात् एम.एस.सी.एस. अधिनियम, 2002) के अंतर्गत

**कार्यक्षेत्र**
संपूर्ण भारतवर्ष

**सदस्य समितियाँ**
172
प्राथमिक वानिकी समितियाँ – **151**
सदस्य – **16,538** (**34%** महिला सदस्य)

**सामाजिक वानिकी, जलवायु परिवर्तन एवं कार्बन ट्रेडिंग**
बंजर भूमि पर वृक्षारोपण (संचयी क्षेत्र)
29,421 हैक्टेयर
कुल विद्यमान वृक्ष
109 लाख

**आजीविका विकास**
आजीविका उत्थान सुनिश्चितीकरण
5.7 लाख
परिवार से अधिक

**कृषक उत्पादक संगठन संवर्द्धन**
कृषक उत्पादक संगठन
88 (72,739 सदस्य)

**कुल संवर्द्धित सामुदायिक संस्थाऐं**
2,886
(1,25,145 सदस्य)

**जलग्रहण प्रबंधन**
उपचारित क्षेत्र
19,568 हैक्टेयर

**जल संसाधन विकास**
277 चैक डैम
1233 तालाब
1,334 कुँए
326 एल.डी.पी.ई. टैंक

**स्वयं सहायता समूहों का गठन**
गठित स्वयं सहायता समूह
1,925 (सदस्यता 19,685)
(94% महिला सदस्य)

**प्रमाणित बीज उत्पादन एवं विपणन**
12 राज्यों में
20 फसलों की 116 प्रजातियों का उत्पादन एवं विपणन

**प्रमाणित बीज उत्पादन एवं विपणन**
3.68
लाख क्विंटल

**कृषि आदान विपणन**

**इफको नैनो तरल उर्वरक**
56.67 लाख बोतल
**फास्फेट एवं पोटाश युक्त उर्वरक**
7.12 लाख मैट्रिक टन
**नाइट्रोजन युक्त उर्वरक**
9.65 लाख मैट्रिक टन

**सागरिका दानेदार**
0.11 लाख मैट्रिक टन
**सागरिका तरल**
3.36 लाख लीटर
**जैव उर्वरक**
1.28 लाख लीटर
**जल विलेय एवं स्पेसिएलिटी उर्वरक**
0.33 लाख मैट्रिक टन

# IFFDC
## At a Glance

### Registration
On 22nd October, 1993 under Multi-State Cooperative Societies Act, 1984 (subsequently under MSCS (Amendment) Act, 2023)

### Area of Operation
The Whole Indian Union

### Member Cooperatives
172
Primary Forestry Cooperatives - 151
Members-16,538
(34% Women Members)

### Social Forestry, Climate Change & Carbon Trading
Wasteland Afforested (Cum. Area)
29,421 ha
Total Existing Trees
109 Lakh

### Livelihood Development
Ensuring Livelihood Improvement
More than
5.7 lakh families

### Promotion of Farmer Producers Organisation
Farmers Producer Organisation (FPO)
88 (72,739 members)

### Total Community Institutions Developed
2,886
(1,25,145 members)

### Watershed Management
Area treated
19,568 ha

### Water Resource Development
277 Checkdams,
1,233 Ponds
1,334 Wells,
326 LDPE Tanks

### Formation of SHGs
Self Help Groups Formed
1,925 (Membership 19,685)
(94% women members)

### Certified Seed Production & Marketing
Seed Production & Marketing of 116 varieties of 20 crops in 12 States

### Certified Seed Production & Marketing
3.68 Lakh qtl.

### Agri-inputs Marketing

**IFFCO Nano Liquid Fertilisers**
56.67 Lakh Bottles
**Phosphatic and Potassic Fertilisers**
7.12 Lakh MT
**Nitrogenous Fertilisers**
9.65 Lakh MT

**Sagarika Granular**
0.11 Lakh MT
**Sagarika Liquid**
3.36 Lakh Litres
**Bio-Fertilisers**
1.28 Lakh Litres
**Water Soluble & Speciality Fertilisers**
0.33 Lakh MT

## विज़न

चिरन्तर सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से गरीबों की क्षमताओं में वृद्धि करके उनकी आकांक्षाओं को पूर्ण करने में सहायता करना एवं उन्हें एक ऐसा वातावरण प्रदान करना जिससे उन्हें नए अवसरों की प्राप्ति हो ताकि वे अपने मूलाधार संसाधनों की वृद्धि एवं विकास कर, एक सम्मानित जीवन व्यतीत कर सकें।

## मिशन

क्लाईमेट एक्शन (जलवायु परिवर्तन में कमी, अनुकूलन व सहनशीलता विकसित करना) हेतु संगठित प्रयासों से प्राकृतिक संसाधनों के चिरन्तर प्रबन्धन द्वारा लोगों के सामाजिक – आर्थिक स्तर का उत्थान।

## उद्देश्य

- एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और कृषि पद्धतियों के माध्यम से क्लाईमेट एक्शन एवं कार्बन क्रेडिट सृजन।
- पारिस्थितिकीय संतुलन एवं चिरंतर ग्रामीण आजीविका संसाधनों के लिए बंजर भूमि का विकास।
- सी.एस.आर. के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, कृषि उत्पादन, पशुधन विकास, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, कौशल विकास व रोजगार सृजन, खेलकूद, संस्थागत विकास एवं पर्यावरण सुधार की गतिविधियों का क्रियान्वयन
- स्वयं व सदस्य समितियों, दोंनों की ओर से आवश्यकता अनुसार बीज, कृषि आदानों, कृषि औजारों/मशीनों व अन्य सहायक वस्तुओं का उत्पादन, प्रसंस्करण, वितरण व विपणन संबंधी कार्य करना।
- सदस्यों/सामुदायिक संस्थानों को वित्तीय, तकनीकी, विस्तार एवं विपणन सेवायें प्रदान करना।

# VISION

To assist the poor in enhancing capabilities for attaining their aspirations; to create through sustainable participatory community institutions, an enabling environment for the poor to access new opportunities and develop & enhance a resource base essential for leading a dignified life.

# MISSION

To enhance the socio-economic status of peoples by enabling collective action for Sustainable Natural Resources Management for Climate Action (mitigation, adaptation and resilience development).

# OBJECTIVES

- Climate Action & Carbon Credits Generation through Integrated Natural Resources Management and Farming Systems Approach.
- Wasteland Development for ecological balance and engendering sustainable rural livelihood resources.
- Undertaking CSR initiatives for Community Health and Sanitation, Safe Drinking Water, Agriculture Production, Livestock Development, Women Empowerment, Education, Skill Development & Employment Generation, Sports, Institutional Development and Environment Up-gradation.
- Undertaking the production, processing, distribution and marketing of seed and other need based Agricultural Inputs, Agricultural Implements / Machinery and other allied articles both on its own and/or on behalf of its member societies.
- Providing Financial, Technical, Extension and Marketing services to members / community institutions.

# निदेशक मंडल
# Board of Directors



अध्यक्ष / Chairman
गुरु प्रसाद त्रिपाठी
G.P. Tripathi



निदेशक / Director
प्रहलाद सिंह
Prahlad Singh



निदेशक / Director
डा. योगेंद्र कुमार
Dr. Yogendra Kumar



निदेशक / Director
रोहित गुप्ता
Rohit Gupta



निदेशक / Director
डाडम चंद जाट
Dadam Chand Jat



निदेशक / Director
राजपती सिंह
Rajpati Singh



निदेशक / Director
अंकित परिहार
Ankit Parihar



निदेशक / Director
गटू बाई अहीर
Gatu Bai Aheer



निदेशक / Director
नाना लाल जाट
Nana Lal Jat



निदेशक / Director
राजकुमार अठिया
Rajkumar Athiya



निदेशक / Director
इंद्रपाल सिंह
Indrapal Singh



निदेशक / Director
मनीष दिलीपभाई संघाणी
Manish Dileepbhai Sanghani



निदेशक / Director
अविनाश चंद्र अवस्थी
Avinash Chandra Awasthi



प्रबंध निदेशक / Managing Director
माधवी एम. विप्रदास
Madhavi M. Vipradas

# पूर्व अध्यक्ष
# Ex-Chairmen



डा. वी. कुमार
Dr. V. Kumar
(अक्टूबर 22, 1993–फरवरी 11, 2003)
(October 22, 1993-February 11, 2003)



दयाकृष्ण भट्ट
D.K. Bhatt
(फरवरी 12, 2003–जून 25, 2009)
(February 12, 2003-June 25, 2009)



गुरु प्रसाद त्रिपाठी
Guru Prasad Tripathi
(जून 26, 2009–जून 21, 2019)
(June 26, 2009-June 21, 2019)



उमेश त्रिपाठी
Umesh Tripathi
(जून 22, 2019–मार्च 25, 2022)
(June 22, 2019-March 25, 2022)



प्रहलाद सिंह
Prahlad Singh
(मार्च 25, 2022–जून 20, 2024)
(March 25, 2022-June 20, 2024)

# पूर्व मुख्य कार्यकारी/प्रबंध निदेशक
# Ex-Chief Executives/Managing Director



स्व. डा. ओ.पी. गौड़
Late Dr. O.P. Gaur
(अक्टूबर 22, 1993–अगस्त 31, 2000)
(October 22, 1993-August 31, 2000)



स्व. अशोक आलम्बेन
Late Ashok Alambain
(सितम्बर 01, 2000–सितम्बर 02, 2002)
(September 01, 2000-September 02, 2002)



स्व. डा. पी.एस. मरवाहा
Late Dr. P.S. Marwaha
(सितम्बर 03, 2002–सितम्बर 02, 2008)
(September 03, 2002-September 02, 2008)



प्रवीण अग्रवाल
Praveen Agarwal
(सितम्बर 03, 2008–अक्टूबर 13, 2008)
(September 03, 2008-October 13, 2008)



डा. के.जी. वानखेड़े
Dr. K.G. Wankhede
(अक्टूबर 14, 2008–अगस्त 31, 2015)
(October 14, 2008-August 31, 2015)



एस.पी. सिंह
S.P. Singh
(सितंबर 1, 2015–जनवरी 31, 2025)
(September 1, 2015-January 31, 2025)

# आई.एफ.एफ.डी.सी. लिमिटेड

## हमारे बारे में

इंडियन फार्म फारेस्ट्री डेवलपमेंट कोऑपरेटिव लिमिटेड (आई.एफ.एफ.डी.सी.) वर्ष 1993 में अस्तित्व में आई, जबकि इसका कार्य वर्ष 1986–87 में ही प्रारम्भ हो गया था। यह कार्य इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) की शुरुआती पहलों के तहत शुरू हुआ था, जिसने आई.एफ.एफ.डी.सी. को संवर्द्धित किया था। इन पहलों में इको–रेस्टोरेशन और प्रक्षेत्र वानिकी के जरिए बंजर भूमि का विकास शामिल था। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्यों में चल रहे इन कार्यक्रमों को बाद में इफको ने आई.एफ.एफ.डी.सी. को सौंप दिया। ऐसा इसलिए किया गया ताकि इन कार्यक्रमों का विस्तार किया जा सके और जहाँ भी संभव हो, उन्हें देश में ग्रामीण आजीविका विकास और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के साथ जोड़ा जा सके।

जिन समुदायों के साथ आई.एफ.एफ.डी.सी. कार्य करता है, उनकी जरूरतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए, आई.एफ.एफ.डी.सी. ने समय के साथ अपने कार्यक्षेत्र (पोर्टफोलियो) में कई गुना विस्तार किया है। अपनी मुख्य गतिविधियों, प्रक्षेत्र वानिकी और जलवायु परिवर्तन से जुड़े कार्यों के अलावा, आई.एफ.एफ.डी.सी. ने आत्मनिर्भर और समतावादी समुदायों के निर्माण की तात्कालिकता को पहचानते हुए, अपना ध्यान अन्य संबंधित गतिविधियों पर भी केंद्रित किया है। इन गतिविधियों में एकीकृत जलग्रहण प्रबंधन, जलवायु अनुकूलन, पोषण और आर्थिक सुरक्षा, आजीविका संवर्धन, सी.एस.आर. पहल, महिला सशक्तिकरण, सामुदायिक संस्था निर्माण, जिसमें किसान उत्पादक संगठन भी शामिल हैं, कौशल विकास और आय सृजन, बीज उत्पादन और कृषि–आदानों की आपूर्ति आदि शामिल हैं। इसकी परियोजना कार्यान्वयन पद्धति पूरी तरह से सहभागी प्रकृति की है और इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह समुदायों की लगातार उभरती और बदलती जरूरतों को पूरा कर सके।

एक दशक से भी अधिक समय में, आई.एफ.एफ.डी.सी. ने अपने भौगोलिक कार्यक्षेत्र का भी विस्तार किया है और उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और जम्मू–कश्मीर राज्यों में अपने कार्यों को लगातार जारी रखा है। 21 राज्यों, जो देश के सभी कृषि–जलवायु क्षेत्रों को कवर करते हैं, में अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति के साथ, इसने अब तक कुल मिलाकर 520 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न ग्रामीण विकास परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया है। साथ ही साथ, किसानों को उनकी फसल उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए गुणवत्तापूर्ण कृषि–आदान की आपूर्ति हेतु, उन्हें गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के क्रम में बीज उत्पादन और विपणन कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है।






श्री गुरु प्रसाद त्रिपाठी, अध्यक्ष, आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा 32वीं वार्षिक आम सभा में अध्यक्षीय संबोधन

# IFFDC Ltd.

## About Us

Indian Farm Forestry Development Cooperative Limited (IFFDC) came into existence formally in 1993. Its work had, however, begun much earlier in 1986-87 with the early initiatives in the fields of of eco-restoration and wasteland development through farm forestry of Indian Farmers Fertiliser Cooperative Limited (IFFCO), which has promoted IFFDC. These programmes in the states of Uttar Pradesh, Madhya Pradesh and Rajasthan were subsequently handed over by IFFCO to the IFFDC for being scaled up and wherever possible, for also being integrated with rural livelihood development and poverty alleviation programmes in the country.

Sensitive to the needs of the communities that it works with, IFFDC has over the time diversified its portfolio manifold. In addition to its signature Farm Forestry and Climate Change activities, recognising the urgency of engendering selfsustained and egalitarian communities, it has magnified its focus to include other interrelated activities such as Integrated Watershed Management, Climate Proofing, Nutritional and Economic Security, Livelihoods Enhancement, CSR initiatives, Women Empowerment, Community Institution Building including Farmer Producer Organisations, Skill Development & Income Generation, Seed Production and Agri-Input Supply etc. Its project implementation approach is universally participatory in nature and predesigned to address the ever emerging and evolving community needs.

Over more than a decade, IFFDC has also expanded its territorial landscape and initiated sustained operations in the States of Uttarakhand, Himachal Pradesh, Haryana, Delhi, Punjab, Gujarat, Chhattisgarh, Maharashtra, Odisha, Jharkhand, Bihar, West Bengal, Telangana, Andhra Pradesh, Karnataka, Tamil Nadu, Kerala and Jammu & Kashmir. With its remarkable presence in 21 States that cover all the country's agro-climatic zones, it has so far implemented various rural development projects worth cumulatively more than Rs. 520 crores. In addition to supplying farmers with quality agri-inputs for increasing their crop production & productivity, it is simultaneously undertaking a Seed Production and Marketing Programme to provide them with quality seeds.




Smt. Madhavi M. Vipradas, Managing Director, IFFDC presenting Agenda Notes during 32nd Annual General Meeting

## वैधानिक स्थिति

संस्था का पंजीयन बहुराज्यीय सहकारी समितियाँ अधिनियम (एम.एस.सी.एस.) 1984 (तत्पश्चात् एम.एस.सी.एस. अधिनियम 2002) के अंतर्गत, कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 22 अक्टूबर 1993 को किया गया। पंजीयन संख्या "MSCS/CR/37/93" है।

## सदस्यता

इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको), राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एन.सी.डी.सी.), राज्य सहकारी संघ, प्राथमिक प्रक्षेत्र वानिकी सहकारी समितियाँ एवं प्राथमिक आजीविका विकास सहकारी समितियाँ आई.एफ.एफ.डी.सी. की सदस्य हैं। 31 मार्च 2026 तक 172 सहकारी समितियाँ इसकी सदस्य हैं।

## शेयर पूँजी

100 करोड़ रुपये की अधिकृत शेयर पूँजी के सापेक्ष, 31.03.2026 तक अभिदत्त एवं प्रदत्त शेयर पूँजी 13.37 करोड़ रुपये है, जो निम्नानुसार हैः

| प्रत्येक शेयर का मूल्य (₹) | शेयर धारक | शेयरों की संख्या |
|---|---|---|
| 50,000 | इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड | 2,507 |
| | राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम | 8 |
| 10,000 | उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड | 1 |
| | म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ लिमिटेड | 1 |
| 1,000 | प्राथमिक प्रक्षेत्र वानिकी सहकारी समितियाँ लिमिटेड एवं प्राथमिक आजीविका विकास सहकारी समितियाँ लि. | 7,930 |

## गवर्नेंस

भारत के ग्रामीण समुदाय के एकीकृत विकास के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता के चलते, आई.एफ.एफ.डी.सी. की शासन संरचना को विशेष रूप से इस तरह डिजाइन किया गया है कि, वह सहकारी मूल्यों और सिद्धांतों के उच्चतम मानकों को दर्शाए, और यह 'बहु–राज्य सहकारी समितियाँ अधिनियम और नियम, 2002' के प्रावधानों के अनुरूप है। इसका आंतरिक प्रबंधन और कार्य इसके उप–नियमों द्वारा निर्देशित होते हैं।

आई.एफ.एफ.डी.सी. में उच्चतम मानकों वाली पेशेवर प्रणाली और प्रक्रियाएँ विद्यमान हैं, जिन्हें पारदर्शिता, नियमित निगरानी के माध्यम से आंतरिक नियंत्रण, आंतरिक भौतिक ऑडिट, समवर्ती ऑडिट और वैधानिक ऑडिट के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे पर्याप्त समीक्षा संभव हो पाती है। इसकी नीतियाँ और कार्यप्रणालियाँ न केवल वर्तमान वैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप हैं, बल्कि ये अपने सदस्यों/हितधारकों के सर्वोत्तम हितों को सुनिश्चित करने की इसकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती हैं।

## निदेशक मंडल

आई.एफ.एफ.डी.सी. के निदेशक मंडल में विविध पृष्ठभूमि से आए 15 सदस्य शामिल हैं। इनमें जमीनी स्तर से चुने गए सहकारी सदस्य, साथ ही मनोनीत और सहयोजित सदस्य शामिल हैं, जो उन संस्थानों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो इसके शेयरधारकों की जरूरतों और हितों को पूरा करते हैं। निदेशक मंडल में दो सीटें चुनी हुई महिला निदेशकों के लिए आरक्षित हैं, ताकि वे महिलाओं के वर्ग का प्रतिनिधित्व कर सकें और एक सीट अनुसूचित जाति/जनजाति के निदेशक के लिए आरक्षित है, ताकि वे वंचित समुदाय का प्रतिनिधित्व कर सकें।

अपने क्रियान्वयन स्तर पर, आई.एफ.एफ.डी.सी. कुशल प्रबंधकों के माध्यम से कार्य करती है, जिनके पास सामाजिक और ग्रामीण विकास, कृषि, इंजीनियरिंग, सहकारिता, वित्त, सूचना प्रौद्योगिकी, विपणन और सामान्य प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों में व्यापक अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता है।

## Legal Status

IFFDC was registered on 22nd October, 1993 by the Department of Agriculture & Cooperation, Ministry of Agriculture, Government of India as a Multi-State Cooperative Society under the Multi-State Cooperative Societies (MSCS) Act, 1984 (subsequently under the MSCS Act 2002) with Registration No. "MSCS/CR/37/93".

## Membership

Indian Farmers Fertiliser Cooperative Ltd. (IFFCO), National Co-operative Development Corporation (NCDC), State Cooperative Federations, Primary Farm Forestry Co-operative Societies (PFFCS) and Primary Livelihood Development Cooperative Societies (PLDCS) are members of IFFDC. As on March 31, 2026, 172 Cooperative Societies are its members.

## Share Capital

Against an authorised share capital of Rs. 100 crores, IFFDC's subscribed and paid-up capital as on 31.03.2026 is Rs. 13.37 crore illustrated as under:

| Value of Each Share (₹) | Shareholders | No. of Shares |
|---|---|---|
| 50,000 | Indian Farmers Fertiliser Cooperative Limited | 2,507 |
| | National Cooperative Development Corporation | 8 |
| 10,000 | Uttar Pradesh Sahakari Gram Vikas Bank Ltd. | 1 |
| | Madhya Pradesh State Cooperative Marketing Federation Ltd. | 1 |
| 1,000 | Primary Farm Forestry Cooperative Societies Ltd. and Primary Livelihood Development Cooperative Societies Ltd. | 7,930 |

## Governance

Stemming from its strong stated commitment to the integrated development of India's rural community, IFFDC's governance structure has been purposively designed to reflect the highest standards of Cooperative Values and Principles and is in conformity with the provisions of the Multi State Cooperative Societies Act & Rules, 2002. Its internal management and functions are guided by its Bye-laws.

IFFDC has professional systems and processes of the highest standards in place that are designed for transparency, internal control through regular monitoring, internal physical audit, concurrent audit and statutory audit that enables adequate review. Its policies and practices are not only consistent with current statutory requirements, but also reflect its commitment to ensure the best interests of its members / stakeholders.

## Board of Directors

IFFDC has 15 members from diverse backgrounds on its Board of Directors. These include grassroots based elected co-operators as well as nominated and co-opted members, representing institutions that cater to the need and interests of its shareholders. Two seats on the Board are reserved for elected women Directors to represent the constituency of women and one seat for a Schedule Caste/Tribes Director to represent the disadvantaged community.

On its operational front, IFFDC functions through skilled managers, who have wide experience & technical expertise in diverse fields related to social and rural development, agriculture, engineering, cooperation, finance, information technology, marketing and general management.

## हमारा दृष्टिकोण

आई.एफ.एफ.डी.सी. का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों और समुदायों का विकास और जलवायु कार्यवाही को बढ़ावा देना है, ताकि वे एक ओर बदलते जलवायु के प्रति लचीलापन विकसित कर सकें और दूसरी ओर ग्रामीण समुदायों के लिए टिकाऊ, लैंगिक रूप से संवेदनशील आजीविका के विकल्पों को बढ़ा सकें। इसका यह दृढ़ विश्वास है कि यह लक्ष्य सबसे अच्छे तरीके से केवल उन्हीं समुदायों की सक्रिय भागीदारी से प्राप्त किया जा सकता है जिनके बीच यह काम करता है, इसी विश्वास ने इसके समग्र सहभागी दृष्टिकोण को जन्म दिया है, जो क्षमता निर्माण पर दिए जाने वाले जोर से अटूट रूप से जुड़ा हुआ है, और यह जोर इसके अनेक कार्यक्षेत्रों (पोर्टफोलियो) में अंतर्निहित है। समुदायों को एकजुट रखने के लिए, और महत्वपूर्ण रूप से, अपनी पहलों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए, अन्य बातों के साथ–साथ, सहकारी मार्ग का अनुसरण करते हुए 'संस्था निर्माण' इसके कार्यक्रमों का एक प्रमुख और अभिन्न आधार रहा है।

तदानुसार, आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा अपनी रणनीतियाँ इस प्रकार तैयार की गई है कि, वह तेजी से बढ़ती विकास आवश्यकताओं और उनसे जुड़ी अनिवार्यताओं से उत्पन्न होने वाले संबंधित और परिणामी मुद्दों से निपट सकें। पिछले तीन दशकों के इसके संचित अनुभव के विशाल भंडार ने, इसके लिए एक विशिष्ट स्थान बनाने में मदद की है, जिससे यह इसे जलवायु कार्यवाही और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक अद्वितीय संस्था बन गई है।

प्रारंभिक तौर पर, 'प्रक्षेत्र वानिकी सहकारी संस्था' के रूप में शुरुआत करते हुए, जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को संबोधित करने के उद्देश्य से आई.एफ.एफ.डी.सी. ने समय के साथ अपने कार्यक्षेत्रों का विस्तार किया है। जलवायु परिवर्तन एक ऐसा मुद्दा है जिसने इसकी स्थापना के समय से ही वैश्विक समुदाय का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया और इसमें कई अन्य कार्यक्षेत्रों को भी शामिल किया है। इनमें से अधिकांश कार्यक्षेत्र इसके प्राथमिक एजेंडे, यानी ग्रामीण विकास, से ही उभरे हैं, जिनका इसके दूसरे प्राथमिक एजेंडे, यानी जलवायु परिवर्तन से निपटने, पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। इनका विवरण नीचे दिया गया है:



## Our Approach

IFFDC's aim is to trigger climate action and development in rural areas and communities, enabling them on one hand to develop resilience to changing climates and on the other to enhance sustainable, gender sensitive livelihood options for rural communities. Its conviction that this can be best achieved only with the active involvement of the communities that it works amongst, has engendered its overall participatory approach inextricably linked with emphasis on capacity building that is in-built in its numerous portfolios. For holding communities together, and importantly, to ensure among other things, long term sustainability of its interventions, Institution Building, following the cooperative route, has been a major and an integral plank of its programmes.

IFFDC has accordingly framed its strategies to deal with concomitant and corollary issues arising out of the fast- growing development needs and their aligned imperatives. Its wealth of accumulated experience of the past three decades has in turn helped to create for it a distinct niche, making it an institution sui generis, in the climate action and rural development arena.

Starting out primarily as a Farm Forestry Cooperative that would address the issue of Climate Change, which had at the time of its genesis, captured the attention of the global community, IFFDC has over time expanded its areas of concern to include several portfolios. Most of these have emerged out of its likewise primary agenda of rural development having direct or indirect bearing on its also primary agenda of addressal of Climate Change. These are described below:



# परियोजनाओं का विवरण

## (अ) इफको द्वारा सहायतित परियोजनाएं



1. सामाजिक वानिकी परियोजनाएं (उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं उत्तराखण्ड)
2. ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना (आर.एल.डी.पी.)
   (अ) ओडिशा
   (ब) पश्चिम बंगाल
   (स) झारखण्ड़
3. हरित पट्टी विकास परियोजना – इफको पारादीप इकाई (ओडिशा)
4. नैनो उर्वरक संवर्द्धन पायलेट परियोजना, कटक (ओडिशा)

## (ब) नाबार्ड द्वारा सहायतित परियोजनाएं



1. जलग्रहण विकास परियोजनायें
   (अ) अमरीती, ब्लॉक मझगवाँ, जिला सतना (मध्य प्रदेश)
   (ब) सुरखी–घाना, ब्लॉक सुरखी, जिला सागर (मध्य प्रदेश)
   (स) कमलाडीह, ब्लॉक नरसिंगपुर, जिला कटक (ओडिशा)
   (द) अमजर, ब्लाँक ओखलकाण्ड़ा, जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

## (स) केन्द्र सरकार द्वारा सहायतित परियोजनाएं



1. **क्रियान्वयन एजेंसी–एन.सी.डी.सी.:** भारत सरकार की सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम–10,000 कृषक उत्पादक संगठनों का संवर्द्धन परियोजना के अंतर्गत चार राज्यों अर्थात् उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखण्ड एवं गुजरात राज्यों में 25 कृषक उत्पादक संगठनों का संवर्द्धन
2. **क्रियान्वयन एजेंसी–नाबार्ड:** भारत सरकार की सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम – 10,000 कृषक उत्पादक संगठन संवर्द्धन परियोजना के अंतर्गत छः राज्यों अर्थात् हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्यों में 24 कृषक उत्पादक संगठनों का संवर्द्धन
3. **परियोजना मॉनीटरिंग इकाई (पी.एम.यू.):** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन तक विस्तारित करना।

## (द) नई परियोजनाओं की शुरुआत



1. जलगहण विकास परियोजना – उचाहरा, करकेली ब्लॉक, जिला उमरिया (मध्य प्रदेश) नाबार्ड के सहयोग से
2. जीका सहायतित उत्तराखण्ड एकीकरण बागवानी विकास परियोजना
3. मुनस्यारी राजमा में जी.आई टैग पश्चात् अवधान परियोजना, पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड)
4. शहद कृषक उत्पादक संगठन का गठन एवं संवर्द्धन, चम्पावत (उत्तराखण्ड)

# DETAILS OF PROJECTS

## (A) IFFCO Supported Projects



1. Social Forestry Projects (Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Rajasthan and Uttarakhand)
2. Rural Livelihood Development Projects (RLDP)
   (a) Odisha
   (b) West Bengal
   (c) Jharkhand
3. Green Belt Development Project – IFFCO Paradeep Unit (Odisha)
4. Nano Fertilisers Promotion Pilot Project, Cuttack (Odisha)

## (B) NABARD Supported Projects



1. Watershed Development Projects
   (a) Amriti, Block Majhgawan, Distt. Satna (Madhya Pradesh)
   (b) Surkhi-Ghana, Block Surkhi, Distt. Sagar (Madhya Pradesh)
   (c) Kamladiha, Block Narsinghpur, District Cuttack (Odisha)
   (d) Amjar, Block Okhalkhand, District Nainital (Uttarakhand)

## ( C) Projects Supported by Central Government



1. **Implementing Agency - NCDC:** Promotion of 25 FPOs in four states i.e. Uttar Pradesh, Bihar, Uttarakhand and Gujarat under Central Sector Scheme of Government of India for Promotion of 10,000 Farmers Producer Organisation.
2. **Implementing Agency - NABARD :** Promotion of 24 FPOs in six states i.e. Haryana, Uttar Pradesh, Bihar, Uttarakhand, Madhya Pradesh and Maharashtra under Central Sector Scheme of the Government of India for Promotion of 10,000 Farmers Producer Organisations.
3. **Project Monitoring Unit (PMU)** for enhancing the Social Media reach of Initiatives of the Ministry of Cooperation, Government of India.

## (D) New Projects Mobilised



1. Watershed Development Project, Uchehara in Karkeli block of District, Umariya (M.P.) funded by NABARD.
2. JICA Supported Uttarakhand Integrated Horticulture Development Project
3. Post GI Interventions in Munsyari Rajma, Pithoragarh (Uttarakhand)
4. Formation & Promotion of Honey Farmer Producer Organisation, Dist Champawat (Uttarakhand)

# निदेशकों की रिपोर्ट

## माननीय सहकार बन्धुओं,

इंडियन फार्म फॉरेस्ट्री डेवलपमेंट कोऑपरेटिव लिमिटेड (आई.एफ.एफ.डी.सी.) की वर्ष 2025–26 की 33वीं वार्षिक रिपोर्ट आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए अध्यक्ष एवं निदेशक मंडल अत्यंत हर्ष और गर्व का अनुभव कर रहे हैं। यह वर्ष एक बार पुनः संस्था की गौरवपूर्ण उपलब्धियों तथा उनके दूरगामी परिवर्तनकारी प्रभावों का साक्षी रहा है। अतः आज की कार्यसूची का प्रारंभ इन उपलब्धियों के संक्षिप्त उल्लेख से करना उपयुक्त होगा।

इस वर्ष भी संस्था ने स्वयं अपने पूर्व कीर्तिमानों को पीछे छोड़ते हुए 21.11 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक कर–पूर्व लाभ अर्जित किया है तथा 2,888 करोड़ रुपये का कारोबार प्राप्त किया है। किसानों के लिए 3.84 लाख क्विंटल गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन, संकर एवं सब्जी बीजों के विपणन प्रारंभ करके, लगभग 3.68 लाख क्विंटल बीजों का विपणन तथा इफको उर्वरकों की 17.04 लाख मीट्रिक टन बिक्री आदि उल्लेखनीय उपलब्धियाँ रहीं। इन सभी सराहनीय उपलब्धियों को प्राप्त करते हुए भी संस्था ने अपने मूल उद्देश्यों जैसे कृषि वानिकी, जलवायु परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण तथा अन्य जन–केंद्रित पहलों आदि पर अपना विशेष ध्यान बनाए रखा।

हमें गर्व है कि, हमारी संस्था अपने प्रकार की एक अनूठी संस्था है, जो देश के सहकारी क्षेत्र में वृक्षारोपण से प्राप्त कार्बन क्रेडिट को अंतरराष्ट्रीय बाजार में विक्रय करने वाली पहली और एकमात्र संस्था है। इन कार्बन क्रेडिट्स की बिक्री से प्राप्त लाभ को उन 11 सदस्य सहकारी समितियों एवं 120 किसानों के साथ साझा किया गया, जिनकी भूमि पर वृक्षारोपण विकसित किए गए थे। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हम सभी सदस्य समितियों, किसानों तथा आई.एफ.एफ.डी.सी. की पूरी टीम को हार्दिक बधाई देते हैं। यह अभिनव पहल निश्चित रूप से अधिक किसानों, सहकारी संस्थाओं तथा आई.एफ.एफ.डी.सी. के कर्मचारियों को वर्तमान एवं भावी वृक्षारोपण कार्यक्रमों को और अधिक उत्साह के साथ अपनाने, संरक्षित करने एवं विकसित करने के लिए प्रेरित करेगी।

हम विशेष रूप से इन अद्वितीय परिणामों का उल्लेख करना चाहेंगे, जो चुनौतीपूर्ण एवं अत्यंत आवश्यक क्षेत्रों में हमारी सुविचारित कार्यनीति का प्रत्यक्ष परिणाम हैं। आप सभी जानते हैं कि, आई.एफ.एफ.डी.सी. जलवायु कार्यवाही के प्रति समर्पित है तथा ग्रामीण समुदायों को गरीबी की सीमाओं से बाहर निकालकर उन्हें सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। आवश्यक तकनीक, कौशल एवं क्षमताओं से उन्हें सुसज्जित कर हम उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने का प्रयास करते हैं।

आई.एफ.एफ.डी.सी. की उपलब्धियों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने तथा उसकी गतिविधियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हमने वर्ष भर अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आई.सी.ए.) तथा अन्य प्रमुख राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सहकारी मंचों में सक्रिय भागीदारी की। इन प्रयासों ने हमारी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



जलवायु परिवर्तन शमन के उद्देश्य से डूँगरिया वानिकी समिति, जिला सागर (म.प्र.) में बंजर भूमि पर विकसित सघन वन

# Director's Report

## Honourable Co-operators,

It is with immense delight and pride that we, the Chairman and the Board of Directors of Indian Farm Forestry Development Cooperative Ltd. (IFFDC) place before you the 33rd Annual Report of our Society for the year 2025-26. Yet another year of glorious achievements by the Society with its transformational effects for all to see and it is indeed appropriate to initiate the day's agenda by dwelling on these briefly at the outset.

The Society has this year once again surpassed itself, achieving its highest ever Profit before Tax of Rs. 21.11 crores accompanied by its turnover of Rs. 2,888 crores. Among its noteworthy achievements, IFFDC achieved a quality seed production of 3.84 lakh quintal for farmers and forayed into marketing of hybrid and vegetable seeds, marketing about 3.68 lakh quintal of seeds and selling 17.04 Lakh MT of IFFCO fertiliser. All these laudable successes have been achieved without relinquishing its primary focus on its core objectives of Farm Forestry, Climate Change, Women Empowerment and other people centric initiatives.

We can proudly share that our Society is an organization sui generis, being the first and the only organisation in the country's cooperative sector to obtain and sell carbon credits generated by plantations in the international market. The profits from sale of these carbon credits have also been creditably shared with the 11 member cooperatives and 120 farmers on whose lands the plantations had been developed. We congratulate and celebrate all the member societies, farmers and the entire IFFDC team for this outstanding achievement! This unique initiative will certainly entice more farmers, cooperatives and employees of IFFDC to undertake, maintain and cherish existing and future plantations with greater zeal.

We would like to especially highlight these sui generis outcomes, which are entirely the result of our well thought out action in a much needed and difficult landscapes. You all are aware that IFFDC is devoted to climate action and working with rural communities to break the ceilings of poverty and to empower them. By endowing them with needed technology, skills and enhancing their capabilities, we strive to guide these communities out of the darkness they are surrounded by, into the light of a brighter future.

To project IFFDC's achievements and generate national and global awareness about its activities, we have during this year, actively participated in premier national and international forums such as the "International Cooperative Alliance (ICA)" and other cooperative platforms. These efforts have significantly contributed to our achievements.



The members of the Board discussing Agenda Items during the Board Meeting

गत वर्ष की कुछ अन्य उपलब्धियाँ भी उल्लेखनीय हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण हमारी बीज उत्पादन योजना का विस्तार रहा, जिसके माध्यम से किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले विविध प्रकार के बीज, जिनमें संकर एवं सब्जी बीज भी शामिल हैं, उपलब्ध कराए गए। यह विस्तार निश्चित रूप से कृषि उत्पादकता में वृद्धि तथा खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा।

आई.एफ.एफ.डी.सी. ने इफको द्वारा स्वदेशी तकनीकी से विकसित विश्व के प्रथम नैनो उर्वरकों–"इफको नैनो यूरिया प्लस (तरल), इफको नैनो डीएपी (तरल), इफको नैनो जिंक एवं इफको नैनो कॉपर" के प्रचार–प्रसार एवं इनकी किसानों को आपूर्ति करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमने इन उत्पादों की कुल 56.67 लाख बोतलों का सफलतापूर्वक विपणन किया। उर्वरक उपयोग दक्षता बढ़ाने की दिशा में यह आईएफएफडीसी की एक उत्कृष्ट उपलब्धि है, जिसके दूरगामी प्रभाव होंगे और जिसे भविष्य में और अधिक गति प्रदान की जाएगी।

जैसा कि आप जानते हैं, आई.एफ.एफ.डी.सी. कई वर्षों से नाबार्ड के सहयोग से जलग्रहण विकास की परियोजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कर रही है तथा इस क्षेत्र में उल्लेखनीय विशेषज्ञता अर्जित कर चुकी है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि नाबार्ड ने एक बार पुनः मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में नई एकीकृत जलग्रहण विकास परियोजना के क्षमता निर्माण चरण (सी.बी.पी.) का कार्य आई.एफ.एफ.डी.सी. को सौंपा है। यह दायित्व हमारी क्षमता, प्रतिबद्धता एवं सतत विकास के प्रति हमारे समर्पण में नाबार्ड के गहन विश्वास का प्रतीक है तथा हमारे लिए गर्व एवं सम्मान का विषय है।

अंत में, मैं सभी हितधारकों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ, जिनके निरंतर सहयोग एवं योगदान ने हमारी संस्था की प्रगति और उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मैं हमारी संस्था के समर्पित कर्मचारियों के प्रति भी अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ और इसे यहाँ रिकॉर्ड पर दर्ज करता हूँ। उनकी अटूट निष्ठा, परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प ने ही हमारी सफलता को संभव बनाया है। विभिन्न वित्तपोषण एजेंसियों एवं सरकारी संस्थानों से परियोजनाएँ प्राप्त करने तथा उनके उत्कृष्ट क्रियान्वयन के प्रति उनकी सतत प्रतिबद्धता ने ग्रामीण समृद्धि के हमारे उद्देश्य को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस अवसर पर मैं विशेष रूप से, आई.एफ.एफ.डी.सी. की प्रबंध निदेशक श्रीमती माधवी एम. विप्रदास तथा उनकी टीम की समर्पित सेवाओं का उल्लेख करना चाहूँगा, जिन्होंने इस वर्ष की उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्राप्त करने में प्रमुख प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य किया है। मैं इस विश्वास के साथ अपनी बात समाप्त करता हूँ कि आप सभी के निरंतर सहयोग एवं समर्थन से हम अपनी इस उत्कृष्ट सहकारी संस्था के माध्यम से एक उज्ज्वल, सुंदर, समृद्ध एवं समतामूलक ग्रामीण भारत के निर्माण के अपने संकल्प को अवश्य साकार करेंगे।

अब मैं संस्था की विभिन्न गतिविधियों की पोर्टफोलियोवार प्रगति का उल्लेख करूँगा।



आई.एफ.एफ.डी.सी. के निदेशक श्री रोहित गुप्ता एवं श्री प्रहलाद सिंह का सहकार टैक्सी कोआपरेटिव लिमिटेड (भारत टैक्सी) में क्रमशः उपाध्यक्ष एवं निदेशक के पद पर निर्वाचित होने पर निदेशक मण्डल द्वारा अभिनंदन

Some other accomplishments from the past year are worth mentioning here. A major milestone was the expansion of our Seed Production Programme, providing farmers with a diverse range of high-quality seed, including hybrid and vegetable seed. This expansion will undoubtedly enhance productivity and positively impact food security.

IFFDC has also played a pivotal role in the promotion and distribution to our farmers of the world's first innovation by IFFCO of nano fertilizers, manufactured with indigenous technology, "IFFCO Nano Urea Plus (Liquid), IFFCO Nano DAP (Liquid), IFFCO Nano Zinc and IFFCO Nano Copper". We successfully marketed 56.67 lakh bottles of IFFCO Nano Urea Plus (Liquid), IFFCO Nano DAP (Liquid), IFFCO Nano Zinc and IFFCO Nano Copper. This is without doubt an outstanding achievement of IFFDC with far reaching implications in terms of fertiliser use efficiency, an achievement to be accelerated.

As you know, IFFDC has been for several years executing Watershed Development Projects drawing upon assistance from NABARD and has today a considerable expertise in this area of work. I am delighted to inform you that NABARD has once again commissioned the capacity building phase (CBP) of the new Integrated Watershed Development Project in District Umariya (Madhya Pradesh) to IFFDC. This responsibility given us, evidencing the preeminent trust placed by NABARD in our capability and commitment to sustainable development, is indeed a matter of pride and an honour.

In conclusion, I once again extend my sincere appreciation to all stakeholders for their unwavering support and contribution, all of which have been instrumental in driving our Society's progress and achievements.

Finally, on behalf of us All, I acknowledge and place here on record, our sincere gratitude to the dedicated staff of our Society for the laurels it has achieved thus far. It is their unwavering commitment and perseverance that has enabled our success in all ways. Their untiring pursuit to secure projects from various funding agencies and the government, and implement so wonderfully, has helped engender the rural prosperity that has been our primary intent and we have all along relentlessly sought. I thank them heartily.

In this regard, I would like to make especial mention of the devoted services of Smt. Madhavi M Vipradas, Managing Director, IFFDC and her team, who have been the major driving force to obtain this year's remarkable achievements. I will conclude by expressing my confidence that in step together with all of you, and your ever present unstinting support at all times, we shall achieve our vision of a bright, beautiful, prosperous and egalitarian rural world through this outstanding cooperative of ours.

I will now mention portfolio-wise progress of the society.



Shri Guru Prasad Tripathi, Chairman, IFFDC visiting Seed Processing Unit, Durjanpur, Hisar (Haryana)

## क्लाईमेट एक्शन (सतत् विकास लक्ष्य-13, 15, 1, 2 & 3)

विश्व के सभी देशों द्वारा कार्यवाही करने हेतु संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा 17 सत्त विकास के लक्ष्य निर्धारित किये गये। यह सचमुच अत्यंत संतोष का विषय कि, आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा अपने विभिन्न सामाजिक वानिकी विकास कार्यक्रम, समन्वित जलग्रहण प्रबंधन व जलवायु–अनुकूलन की गतिविधियों के माध्यम से 5 सत्त विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.)–13 "क्लाईमेट एक्शन", एस.डी.जी.–15 "भूमि पर जीवन", एस.डी.जी.–1 "गरीबी नहीं", एस.डी.जी.–2 "शून्य भुखमरी" एवं एस.डी.जी.–3 "अच्छा स्वास्थ्य कल्याण" की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### 1. सामाजिक वानिकी विकास

आई.एफ.एफ.डी.सी. का मुख्य कार्यक्रम प्रक्षेत्र वानिकी विकास है जिसका उद्देश्य है किसानों की व्यक्तिगत, ग्राम पंचायत तथा राजकीय राजस्व बंजर व सीमांत भूमियों पर सहभागी वानिकी विकास के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के व्यापक रूप से ज्ञात प्रतिकूल प्रभाव को कम करना।

शुरुआत में, आई.एफ.एफ.डी.सी. ने वृक्षारोपण हेतु उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा उत्तराखण्ड राज्यों में कई दशकों से वृहद् स्तर पर खाली पड़ी हुई बंजर भूमि जो वृक्षारोपण हेतु उपयोगी हो, की पहचान की। यह बंजर भूमि, राजस्थान में ग्राम पंचायत, उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड में निजी कृषकों तथा मध्य प्रदेश में राजस्व के स्वामित्व वाली है। विकसित 29,421 हैक्टेयर सामुदायिक वानिकी के प्रबंधन हेतु 151 प्राथमिक प्रक्षेत्र वानिकी सहकारी समितियाँ (पी.एफ.एफ.सी.एस.) विकसित की गयी हैं और उनका क्षमता निर्माण किया गया। आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा किये जा रहे प्रयासों में लगातार गुणात्मक व मात्रात्मक वृद्धि के लिए इन वानिकी सहकारी समितियों के अंतर्गत वानिकी उन्नयन पर "अनुसंधान व विकास" का कार्य भी किया जा रहा है।

संबंधित ग्रामीण समुदायों को प्राथमिक प्रक्षेत्र वानिकी सहकारी समितियों (पी.एफ.एफ.सी.एस.) के माध्यम से संगठित किया गया है। ये समितियां, सहभागी वनों का चिरंतर प्रबन्धन करने में मुख्य सामुदायिक संस्था के रूप में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा इन पी.एफ.एफ.सी.एस. को आवश्यक तकनीकी, वित्तीय, क्षमता निर्माण, संबंध विकसित करने, विपणन एवं स्त्रोत जुटाने से संबंधित आदानों के लिए सहायता की जा रही है। इसके अवधानों के फलस्वरूप, 500 से अधिक गांवों में न सिर्फ हरीतिमा विकसित हुई है बल्कि, बंजर भूमि भी पुनःरक्षित हुई है। वर्तमान में, विद्यमान वनों से आर्थिक लाभ केवल चयनित छटाई, घास एवं लघु वनोपज आदि तक सीमित है। आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा की गई कार्बन क्रेडिट की अनूठी पहल से, समुदाय के लिए हरित राजस्व व सृजन, अन्य पर्यावरणीय सेवाओं के माध्यम से और अधिक बढ़ाया जा रहा है।

आई.एफ.एफ.डी.सी. के समग्र दृष्टिकोण का ध्यान, अन्य संबंधित गतिविधियों जैसे अवैध कटाई व अतिक्रमण एवं आग से बचाव, हितधारकों के आर्थिक लाभ के लिए बेहतर वनोपज प्रदान करने, इन वनों के माध्यम से उत्पन्न कार्बन क्रेडिट के व्यवसाय जैसे



वानिकी समिति सिंदेसर कलां, जिला राजसमंद (राजस्थान) में कृषि वानिकी अंतर्गत मिलिया कम्पोजिटा का वृक्षारोपण

# Climate Action (Sustainable Development Goal - 13, 15, 1, 2 & 3 )

The United Nations General Assembly has defined 17 Sustainable Development Goals (SDGs) needing action by the nations of the World. It is indeed a matter of great satisfaction that IFFDC has made a significant contribution towards 5 goals, Sustainable Development Goal 13 (SDG-13) "Climate Action", SDG-15 "Life on Land", SDG-1 "No Poverty", SDG-2 "Zero Hunger" and SDG-3 "Good Health & Well Being" through its multiple Social Forestry Development Programmes, Integrated Watershed Management, Climate Proofing activities etc.

## 1. Social Forestry Development

IFFDC's flagship Farm Forestry programme is aimed at mitigating the wellknown deleterious climate change effects by developing participatory forestry on waste and marginalised lands belonging to individual farmers, village Panchayats and the Government.

Accordingly, as an initial step, IFFDC identified large tracts of wasteland, which had been lying almost barren for decades. These acquired wastelands in the states of Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Rajasthan and Uttarakhand are Panchayat lands in Rajasthan, individual lands in Uttar Pradesh & Uttarakhand and Revenue land in Madhya Pradesh. The concerned communities are then organised by IFFDC into Primary Farm Forestry Cooperative Societies (PFFCS), designed as the key community institutions to manage and maintain the developed participatory forests, on a sustainable basis. 151 Primary Farm Forestry Cooperative Societies (PFFCS) have been set up and their capacities built up for management of the community forests developed on 29,421 Hectares.

IFFDC supports the PFFCS with the necessary technical and financial inputs, as well as capacity building, networking, marketing and resource mobilisation inputs. As a result of its interventions, green cover in more than 500 villages has not only been substantively improved, but degraded lands therein have also been restored. Economic returns from existing forests are presently sourced from restricted and selective pruning of the created forests, Grasses and Minor Forest Produce (MFP) etc. IFFDCs unique initiative of Carbon Credits Trading has further enhanced green revenue for the community along with other environmental services/benefits .

IFFDCs integrated approach has also meant due attention to related activities such as control of illegal felling, prevention of encroachment and forest fires, accelerating forest yield for improved economic returns to the



Dense and bio-diverse forest developed by IFFDC on ravine lands in Kandrawan PFFCS Uttar Pradesh

अन्य वैकल्पिक अवसरों तथा इस भूमि के उपयोग अधिकारों को पुनः परिभाषित करने आदि पर भी केन्द्रित है। वानिकी समितियों को चिरन्तरता हेतु आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के क्रम में शीघ्र बढ़वार वाली व्यावसायिक उन्नत एवं दीर्घावधि वाली स्वदेशी पौध प्रजातियों के रोपण व कृषि आदानों के व्यवसाय करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इफको की सहायता और वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के तकनीकी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश की समितियों में नीम (अजाडीरेक्टा इंडिका) के 153 जीनोटाइप्स के चार शोध परीक्षण किए गए हैं। स्वदेशी प्रजातियों का सघन व अल्पावधि में वन विकसित करने हेतु उत्तर प्रदेश की कनकसिंहपुर वानिकी समिति में 'मियावाकी पद्धति' (एक जापानी तकनीकी) अपनायी गयी।

संयुक्त राष्ट्र के कुल 17 सतत् विकास लक्ष्यों (एस.डी.जी.) में से, यह परियोजना, 5 एस.डी.जी. प्राप्ति में सहयोग कर रही है। विकसित हो रहे वन, वायुमंडलीय कार्बन को अवशोषित कर रहे हैं जिससे जलवायु परिवर्तन को कम करने में सहायता मिल रही है जिससे एस.डी.जी.–13 "क्लाईमेट एक्शन" को संबोधित किया जा रहा है। जल भराव वाले क्षेत्र में विकसित जंगल क्षेत्र अब पक्षियों के अभ्यारण्य के रूप में विकसित हो गया है। विकसित वनों में वन्य जीवन और कई नई पौधों की प्रजातियाँ और घासें उभर रही हैं जिससे एस.डी.जी.–15 "भूमि पर जीवन" को संबोधित करने में योगदान मिल रहा है। इससे एस.डी.जी.–1 "कोई गरीबी नहीं" में भी योगदान मिल रहा है क्योंकि, वृक्षारोपण गतिविधियाँ ग्रामीण समुदाय के लिए रोजगार सृजित करती हैं जो उनके परिवारों के लिए आय का साधन बना है। आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा कृषि उद्यानिकी प्रणाली के तहत् फल वृक्षों का भी रोपण किया जा रहा है, जिससे परियोजना क्षेत्र में पोषक भोजन की उपलब्धता में वृद्धि हुई है, जिससे एस.डी.जी. नंबर – 2 "शून्य भूख" और एस.डी.जी. नंबर –3 "अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण" को संबोधित किया जा रहा है।

## परियोजना विवरण

| राज्य | जिला | कुल क्षेत्र (हेक्ट.) | कुल विद्यमान वृक्ष (लाख) |
|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | सुलतानपुर, रायबरेली, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, लखनऊ, अमेठी, उन्नाव | 12,951 | 51.39 |
| उत्तराखण्ड | नैनीताल, चम्पावत | 207 | 0.87 |
| राजस्थान | उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद | 9,713 | 20.85 |
| मध्य प्रदेश | सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी | 6,550 | 35.44 |
| | **योग** | **29,421** | **108.55** |



आई.एफ.एफ.डी.सी. के निदेशक मण्डल के सदस्यों एवं प्रबंध निदेशक द्वारा रख्यावल वानिकी समिति (राजस्थान) का भ्रमण

stakeholders, making available commercial options such as trading of carbon credits generated by the carbon sequestration rendered by these forests and defining the usufruct rights of these lands, etc. The PFFCS are being motivated to undertake plantation of improved fast growing as well as indigenous long gestation plant species and to undertake the business of Agri-inputs supply for economic self-sufficiency and sustainability.

Research and development work on Forestry improvement, an important input for continued qualitative and quantitative enhancement of ongoing efforts, is also being undertaken by these PFFCS. Four research trials of 153 Genotypes of Neem (Azadirachta indica) have been undertaken in the PFFCS of Uttar Pradesh, Rajasthan and Madhya Pradesh with the help of IFFCO and under the technical guidance of Forest Research Institute, Dehradun. The 'Miyawaki' method (a Japanese Technique) for developing fast and dense forests of indigenous species has also been adopted in Kanaksinghpur PFFCS of Uttar Pradesh.

Out of the total 17 Sustainable Development Goals (SDGs) of the United Nations, this project addresses 5 SDGs. The developed forests sequestrate atmospheric carbon, which helps in mitigating climate change, addressing SDG-13 "Climate Action". The forest developed in waterlogged areas has now been developed into a bird sanctuary. Wild life and many new plant species and grasses have emerged in these forests, which are contributing to SDG - 15 "Life on Land". These developments also contribute to the SDG-1 "No Poverty" as the plantation activities generate employment for the rural community, in turn generating income for their families. IFFDC also supports fruit plantation under its Agri-horti system, which noticeably increases nutritive food availability in the project area addressing thereby the SDG-2, "Zero Hunger" and SDG-3, "Good Health & Well Being".

## PROJECT DETAILS

| State | District | Total Covered Area (ha) | Total Existing Trees (Lakh) |
|---|---|---|---|
| Uttar Pradesh | Sultanpur, Raebareli, Prayagraj, Kaushambi Pratapgarh, Lucknow, Amethi, Unnao | 12,951 | 51.39 |
| Uttarakhand | Nainital, Champawat | 207 | 0.87 |
| Rajasthan | Udaipur, Chittorgarh, Rajsamand | 9,713 | 20.85 |
| Madhya Pradesh | Sagar, Chhatarpur, Tikamgarh, Niwari | 6,550 | 35.44 |
| | **Total** | **29,421** | **108.55** |



Block plantation of fast growing species i.e. Burma Neem and Maharukh on farmer's field in Uttar Pradesh

## सामाजिक वानिकी में नये अवधान

### (अ) कृषि वानिकी प्रणाली विकास

भारतीय वनों से लगभग 3000 लाख लोगों को अपनी आजीविका चलाने में मदद मिलती है तथा ये जलवायु परिवर्तन शमन के लिए भी काफी महत्वपूर्ण हैं। भारत सरकार ने यू.एन.एफ.सी.सी.सी. को वर्ष 2030 तक वानिकी क्षेत्र से 250–300 करोड़ टन कार्बन का स्वैच्छिक रूप से अतिरिक्त अवशोषण करने के निश्चय का वादा किया। यदि भारत के सभी खुले वनों को संरक्षित कर लिया जाये तो भी मात्र 9 लाख टन अतिरिक्त कार्बन का अवशोषण किया जा सकता है। शेष कार्बन की मात्रा को वन क्षेत्रों से बाहर वृक्ष उगाकर ही अवशोषित किया जा सकता है। वन क्षेत्र के बाहर वृक्ष उगाने के लिए कृषि वानिकी भी एक अच्छा विकल्प है। अतः यह आवश्यक हो जाता है कि, कृषि वानिकी विकास को बढ़ावा दिया जाये। इसलिए भारत सरकार की एन.डी.सी. प्रतिबद्धता के संदर्भ में, आई.एफ.एफ.डी.सी. ने किसानों के खेतों पर कृषि वानिकी विकसित करने के लिए एक नई पहल की है। यह न केवल जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद करता है बल्कि, किसानों को अतिरिक्त आय उत्पन्न करने में भी मदद करता है। इस प्रकार, एन.डी.सी. प्रतिबद्धता में योगदान करने के साथ–साथ कृषि वानिकी, भारत सरकार के मिशन "किसानों की आय को दुगुनी करना" में भी मदद करता है।

कृषि वानिकी के अंतर्गत रोपित की जाने वाली प्रजातियाँ व्यावसायिक उपयोग, शीघ्र बढ़ने वाली तथा जल्दी परिपक्व होने वाली हैं। कृषि वानिकी के अंतर्गत वृक्षारोपण हेतु चयनित पौध प्रजातियाँ मिलिया कम्पोजिटा (बर्मा नीम), महारुख (एलैंथस एक्सेल्सा) तथा यूकेलिप्टस आदि हैं। वर्ष के दौरान, उत्तर प्रदेश, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश राज्यों में 71 किसानों के खेतों पर कुल 0.70 लाख पौधे लगाये गये।

### (ब) कृषि उद्यानिकी प्रणाली विकास

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2004 से पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से "राष्ट्रीय बागवानी मिशन" (एन.एच.एम.) का क्रियान्वयन किया जा रहा है। आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा भारत सरकार के एन.एच.एम. एवं "सतत् विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.) नं. 1" "गरीबी नहीं" व (एस.डी.जी) नं. 2 "शून्य भुखमरी" में सहयोग करने के लिए अपने विद्यमान घटक सामाजिक वानिकी व जलवायु परिवर्तन में कृषि–उद्यानिकी को सहयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को अतिरिक्त आय सृजन कराना है और उनके परिवारों के लिए पोषण का स्त्रोत उपलब्ध कराना है।

आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा किसानों की कृषि योग्य भूमि पर परंपरागत फसलों के साथ तात्कालिक लाभ देने वाली फलदार प्रजातियों के रोपण के लिए उदारतापूर्वक वित्तीय व तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। वर्ष के दौरान, आम, नीबू व अमरूद के लगभग 844 पौधे लगाए गए। कृषि–उद्यानिकी कार्यक्रम को अपनाने से प्राप्त उत्साहजनक परिणामों ने आसपास के किसानों पर स्पष्ट रूप से प्रेरणादायक प्रभाव डाला है और अधिक किसानों को इस प्रणाली को अपनाने के लिए आकर्षित किया है।



आई.एफ.एफ.डी.सी. की महिला निदेशक एवं प्रबंध निदेशक द्वारा राजस्थान के स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन

# New Initiatives in Social Forestry

## (a) Agro-forestry System Development

Indian Forests are helping in improving the livelihoods of about 3000 lakh people and are important for mitigating Climate Change. A voluntary reduction of 2.5-3 billion tonnes of additional CO2 e by 2030 has been committed to UNFCCC by the Government of India from its forestry sector . Even were all of India's open forests to be taken up for restoration, only about 0.9 million tonnes of CO2e worth additional carbon sink would expectedly be created. The balance will need to be sourced from Trees outside Forests (ToF), for achieving which, Agro-forestry is indeed one of the best options. Therefore, it becomes imperative to focus on the potential of ToF. It is in this context of India's Nationally Determined Contribution (NDC) commitment that IFFDC has diversified into the new initiative of developing agro-forestry on farmer fields. This work helps in not only mitigating Climate Change but also in additional farmer income generation, thereby contributing to the Government of India mission of "Doubling Farmer's Income".

The plant species selected and planted under agro-forestry are commercial, fast growing and early maturing varieties including Melia composita (Burma Neem), Maharukh (Ailanthus excelsa) and Eucalyptus Clone etc. During the year, 0.70 lakh saplings have been planted on the fields of 71 farmers in Uttar Pradesh.

## (b) Agri-Horti System Development

The Government of India "National Horticulture Mission" (NHM) aimed at ensuring nutritional security and income generation for farmers, has been operational since 2004. Towards fulfilling the objectives of the SDGs No. 1 and No. 2, "No Poverty" and "Zero Hunger", IFFDC has carefully grafted the component of Agri-Horti system development to its existing Social Forestry and Climate Change portfolio, thereby also contributing to the objectives of NHM.

IFFDC has also been generously providing financial and technical support to farmers for fruit species plantation on their arable lands along with traditionally grown crops. During the year, about 844 saplings of Mango, Lemon and Guava were planted to give quick returns to farmers. The encouraging results evidenced by the adoption of Agri-Horti programmes has had a visible demonstration effect on farmers in the adjacent areas and attracted more farmers to this system.



Boundary plantation of clone Eucalyptus under Agro-forestry System in Ramshahpur PFFCS, Uttar Pradesh

## (स) कार्बन क्रेडिट के लिए कदम

वनीकरण और पुनःवनीकरण कार्बन डाइ–ऑक्साइड ($CO_2$) को अवशोषित करता है जिससे वायुमण्डल में $CO_2$ की सांद्रता कम होती है। $CO_2$ की इस सांद्रता में कमी का उपयोग मुख्य रूप से विकसित देशों में उद्योगों द्वारा $CO_2$ के उत्सर्जन को ऑफसेट करने के लिए किया जा सकता है। वातावरण से $CO_2$ में इस तरह की कमी को स्वैच्छिक उत्सर्जन में कमी (VER) के रूप में माना जाता है और विकसित देशों में विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप में इसकी काफी मांग है ताकि वे उत्सर्जन में कमी लाने संबंधी अपनी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को पूरा कर सकें।

ग्रामीण समुदायों के लिए अपने आउटपुट का मुद्रीकरण करने और आय बढ़ाने के साथ–साथ वानिकी में निरंतर और त्वरित कार्यवाही को प्रोत्साहित करने के लिए नए आयाम सृजित करने हेतु "कार्बन फाइनेंस" के क्रम में आईएफएफडीसी ने उत्तर प्रदेश की 11 समितियों में वर्ष 2008 से 2013 के दौरान विकसित 189 हैक्टेयर वृक्षारोपण क्षेत्र के लिए एक कार्बन क्रेडिट परियोजना वेरा रजिस्ट्री, वाशिंगटन डीसी के साथ पंजीकृत की। कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग के लिए परियोजना प्रस्ताव तैयार करने, परियोजना का प्रमाणीकरण और सत्यापन अंकेक्षण कराने तथा कार्बन क्रेडिट की बिक्री में सहयोग करने के लिए आई.एफ.एफ.डी.सी. ने मैसर्स इमरजेंट वेंचर इंडिया प्रा. लि. (EVI) को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है जिनकी तकनीकी सलाह से वानिकी स्थलों की जीपीएस मैपिंग, वीसीएस प्रमाणीकरण ऑडिट एवं परियोजना का सत्यापन ऑडिट का कार्य पूर्ण किया गया।

कार्बन क्रेडिट परियोजना को अप्रैल 2023 में वैरा के साथ पंजीकृत किया गया जिससे माह मई 2023 में वर्ष 2008 से लेकर वर्ष 2022 की प्रथम तिमाही तक की अवधि के सत्यापित कार्बन मानक (वी.सी.एस.) मे तहत् 78000 कार्बन क्रेडिट जारी किए गए। जिसमें से 49,498 कार्बन क्रेडिट की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बिक्री की गयी, जिससे 7.75 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। जिसमें से 1.50 करोड़ रुपये संबंधित 11 वानिकी सहकारी समितियों को और 3 करोड़ रुपये 120 किसानों को जिनकी भूमि पर यह अधिकृत वृक्षारोपण किया गया था उनको दिए गए। इस परियोजना का द्वितीय सत्यापन अंकेक्षण जुलाई 2022 से जून 2025 तक की अवधि के लिए भी पूर्ण कर लिया गया है।

कार्बन क्रेडिट के राजस्व को साझा करने के लिए आई.एफ.एफ.डी.सी., वानिकी समितियाँ और भू–स्वामी सदस्य किसानों के मध्य एक त्रिपक्षीय समझौता किया गया। समझौते के तहत्, सत्यापन और सत्यापन ऑडिट शुल्क, जी.पी.एस. मैपिंग, वेरा शुल्क आदि सहित कार्बन क्रेडिट परियोजना के विकास पर होने वाले खर्चों में कटौती के बाद, क्रेडिट की बिक्री से उत्पन्न शुद्ध राजस्व में से 25 प्रतिशत वानिकी समितियों, जहाँ वृक्षारोपण किया गया, 50 प्रतिशत संबंधित भू–स्वामी सदस्य किसानों तथा 25 प्रतिशत आई.एफ.एफ.डी.सी. को साझा किया। इस परियोजना से तीनों हितधारकों के लिए वर्ष 2008 से 2038 तक 30 वर्षों के लिए कार्बन क्रेडिट का राजस्व प्राप्त होगा।

आईएफएफडीसी की उक्त कार्बन क्रेडिट की पायलट परियोजना की सफलता संस्था के लिए एक मील का पत्थर साबित हुई है, जिससे संस्था के प्रयासों को और बल मिला है। आईएफएफडीसी ने एक दूसरी परियोजना तैयार कर वेरा रजिस्ट्री, वाशिंगटन




मेढावा वानिकी समिति, जिला प्रतापगढ़ (उ.प्र.) में समिति सदस्यों के लिए 'कार्बन क्रेडिट' परियोजनांतर्गत वृक्षारोपण क्षेत्र का भौगोलिक मानचित्रण पर प्रशिक्षण

## (C ) Steps for Carbon Credits

Afforestation & Reforestation absorbs Carbon Di-oxide ($CO_2$) and thus reduces the $CO_2$ in the atmosphere. This reduction of $CO_2$ can be used for off-setting the emission of $CO_2$ mainly by industries in developed countries. Such reduction of $CO_2$ from the atmosphere can be traded as Voluntary Emission Reduction (VER) and is in demand in developed countries particularly in the United States of America and Europe to meet their international commitments of emission reduction.

Recognizing the transformative potential of "Carbon Finance" to unlock new avenues for forest-dwelling and rural communities to monetise their outputs and enhance incomes, as also incentivise continuous and accelerated action in forestry, IFFDC took the innovative step of registering a carbon credit project with VERRA Registry, Washington DC covering 189 ha plantation area developed during 2008 to 2013 in 11 PFFCS of Uttar Pradesh. To facilitate the carbon credit trading mechanism, M/s Emergent Venture India Pvt. Ltd. (EVI) were appointed as consultants for the preparation of the project proposal, development and facilitation of validation, verification of Afforestation/Reforestation Project and sale of carbon credits. The GPS Mapping of the forestry sites, VCS validation audit work and verification audit of the project completed.

Carbon credit project was registered in April 2023 with VERRA which has resulting in 78000 carbon credits under Verified Carbon Standard (VCS) being issued in the month of May, 2023 for the period from 2008 to first quarter of 2022. Of these, 49,498 carbon credits have so far been sold on the international market, resulting in a revenue of Rs 7.75 crore. Of the total revenue generated, so far Rs 1.50 crore has been shared among 11 forestry cooperatives and Rs 3 crore shared among 120 farmers on whose fields the accredited plantation was done. The Second Verification Audit of this project in the period of July 2022 to June 2025 has also been completed.

Tri-party agreements on sharing the revenue from carbon credits, after deduction of the expenses on development of the carbon credit project including validation & verification audit fee, GPS Mapping. VERRA Fee etc. were signed between IFFDC, Forestry Cooperatives and land owner member farmers. Out of the net revenue so generated, the Agreement specifies that 25% be shared with the concerned Forestry Cooperative Societies, 50% with the Land owner member farmers and 25% be the share of IFFDC. This project will generate carbon credit revenue for all the three stakeholders for 30 years from 2008 to 2038.

This path breaking success of IFFDC's Carbon Credit pilot project has established an inspiring milestone, further bolstering its endeavours and morale. IFFDC has since diligently devised and officially enlisted a



Carbon Credit Project's Verification Audit by Accredited Auditors at Urermau PFFCS, Uttar Pradesh

डी.सी. के साथ आधिकारिक रूप से सूचीबद्ध कर दी है। इस दूसरी कार्बन क्रेडिट परियोजना का सत्यापन ऑडिट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

## प्रगति

- 209 हैक्टेयर (उत्तर प्रदेश में 117 हैक्टेयर, उत्तराखण्ड में 20 हैक्टेयर, मध्य प्रदेश में 36 हैक्टेयर और राजस्थान में 36 हैक्टेयर) में वृक्षारोपण किया गया है। विभिन्न समितियों द्वारा 2.24 लाख पौधे (उत्तर प्रदेश में 1.28 लाख, उत्तराखण्ड में 0.20 लाख, मध्य प्रदेश में 0.37 लाख और राजस्थान में 0.39 लाख) लगाए गए हैं। प्रमुख प्रजातियाँ मिलिया (बर्मा नीम), यूकेलिप्टस क्लोन, सागौन, शीशम, महारुख, तेजपत्ता व रीठा आदि है। देश में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण हेतु इफको को नीम के 10.74 लाख पौधों की आपूर्ति की गई। वर्ष के दौरान, 500 कार्बन क्रेडिट राष्ट्रीय बाजार में बेचे गये।
- विभिन्न समितियों की 105 वार्षिक आम सभायें व कार्यकारिणी कमेटी की 680 बैठकें आयोजित की गयीं। स्वयं सहायता समूहों की 3,215 बैठकें और सचिवों की 44 बैठकें आयोजित की गयीं। 114 वानिकी समितियों ने ऑडिट कार्य पूर्ण किया।
- 05 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें 250 रोगियों की जाँच कर निःशुल्क औषधियाँ प्रदान की गईं व 05 पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जिसमे 212 पशुओं की जाँच व उपचार किया गया। 10 राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय महत्वपूर्ण दिवस जैसे पर्यावरण दिवस, महिला दिवस आदि मनाये गये।
- समूहो के ''उचित संचालन व प्रबंधन'' पर 03 प्रशिक्षण आयोजित किया गया। स्वयं सहायता समूहों के सदस्यो ने महसूस किया की इन प्रशिक्षणों ने उन्हें अपनी भूमिकाओं व जिम्मेदारियों को एक कुशल तरीके से निभाने में मदद की है।
- मलिकमऊ समिति (उ.प्र.) में कौशल विकास हेतु, 6 माह की अवधि के लिए 01 सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 20 महिलाओं ने विभिन्न प्रकार की पोशकों की सिलाई करने में अपने कौशल को विकसित किया। इसी प्रकार सुखी डांग, जिला चम्पावत में ''मधुमक्खी पालन की नवीनतम तकनीक'' पर उत्तराखण्ड के 16 समिति सचिवों और सदस्यों के लिए एक एक्सपोजर भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें सदस्यों ने ''मधुमक्खी पालन की नवीनतम तकनीकी आयामों'' की सीख प्राप्त की।
- वानिकी और अन्य सामाजिक पहलुओं पर जानकारी बढ़ाने के लिए, मध्य प्रदेश के 23 समितियों के अध्यक्षों के लिए राजस्थान की वानिकी समितियों का एक एक्पोजर भ्रमण कम प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसी तरह, राजस्थान के 55 समितियों के अध्यक्षों के लिए को कृषि विज्ञान केन्द्र, लूणकरणसर (बीकानेर) और अन्य स्थानों का एक्सपोजर भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्षों ने फसलों को सूखे से बचाव की नवीन कृषि–तकनीक को सीखा। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश की 45 समितियों के अध्यक्षों को फैजाबाद कृषि विश्वविद्यालय में एक्सपोजर भ्रमण कराया गया। जिसमें अध्यक्षों ने बागवानी की नई तकनीकी जैसे कि ग्राफ्टेड पौधे तैयार करना और नर्सरी प्रबन्धन आदि के बारे मे सीखा।



कुम्हरावाँ वानिकी समिति, जिला लखनऊ (उ.प्र.) में 'कार्बन क्रेडिट' परियोजना का सत्यापन अंकेक्षण

second project with the VERRA Registry in Washington DC, the validation Audit of which has since been completed.

## PROGRESS

- Plantation on 209 ha area (117 ha in Uttar Pradesh, 20 ha in Uttarakhand, 36 ha in Madhya Pradesh and 36 ha in Rajasthan) has been raised with 2.24 lakh saplings (1.28 lakh in Uttar Pradesh, 0.20 lakh in Uttarakhand, 0.37 lakh in Madhya Pradesh, 0.39 lakh in Rajasthan) in different PFFCS. Major species include Melia composita (Burma Neem), Eucalyptus Clone, Teak, Shisham, Maharukh, Tejpatta and Reetha etc. 10.74 lakh saplings of Neem have been supplied for plantation in different regions of the country. During the year, 500 Carbon Credits were sold in National market.
- 105 Annual General Body Meetings and 680 Executive Committee Meetings of different PFFCS have been organised. Additionally, 3,215 meetings of SHG and 44 Meetings of PFFCS Secretaries were organised. Audit work of 114 PFFCS has been completed.
- 05 Health camps were organised, in which 250 patients were examined and free medicines were provided. 05 Veterinary camps were organised, in which 212 Cattle were treated. Important internationally/nationally observed days such as Environment Day, Women Day etc. were celebrated.
- For capacity building of newly formed SHGs, 03 training programmes on The Proper Functioning & Management of SHG were organised. The Group Members felt that the training has helped in understanding and performing their roles and responsibilities in an efficient manner.
- For Skill Development, a 6 months duration training on tailoring has been imparted to SHG members in Mailkmau, PFFCS (U.P.), as a result of which, 20 women members have developed their skills in stitching of various garments. In another useful programme, 16 Secretaries and members of PFFCS in Uttarakhand have been upskilled regarding the latest technical aspects of Honey Bee Keeping by organising an exposure visit to Sukhi Daang in district Champawat.
- For upgrading knowledge about Forestry and other social aspects, an Exposure cum Study visit was organised for 23 PFFCS Chairmen in the state of Madhya Pradesh. Likewise, 55 PFFCS Chairmen of Rajasthan were taken on an Exposure visit to KVK Lunkaransar (Bikaner) and other places and introduced to innovative agro technology for drought proofing crop production. 45 PFFCS Chairmen of Uttar Pradesh visited the Faizabad Agriculture University where they were initiated into the new horticulture technology of preparing Grafted Plants and Nursery Management etc.



Girth and Height Measurement of Trees in Sample Plot of Carbon Credit Project at Udaipura PFFCS, Madhya Pradesh

### (द) ग्रीन बेल्ट विकास

इफको द्वारा अपनी पारादीप इकाई में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों की अनुपालना व जलवायु परिवर्तन शमन में योगदान के क्रम में वृक्ष आच्छादन वृद्धि हेतु ग्रीन बेल्ट विकास चरण–2 का कार्य आई.एफ.एफ.डी.सी. को सौंपा गया। पारादीप संयंत्र में इस कार्य हेतु प्रदत्त क्षेत्र जलमग्न है अतः मिट्टी के टीले बनाकर मैंग्रोव व अन्य उपयुक्त प्रजातियों के पौधे इन टीलों पर लगाये गये।

- नीम, करंज, कैजुरिना, कोनोकॉरपस, (मैंग्रोव प्रजाति) और अकेसिया के कुल 28,100 पौधे लगाये गए और रखरखाव की गतिविधियाँ जैसे स्टेकिंग, निराई–गुड़ाई और सिंचाई आदि भी की गई। जलभराव वाले 25 हैक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण की वृद्धि संतोषजनक है।
- रखरखाव कार्य जैसे सिंचाई, निराई–गुड़ाई, थाला–निर्माण आदि नियमित रूप से किए जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप पौधों की 99 प्रतिशत जीवितता सुनिश्चित की गई है।

## प्रक्षेत्र वानिकी परियोजना के परिणाम

प्रक्षेत्र वानिकी परियोजना का उद्देश्य बंजर, समस्याग्रस्त और जलभराव वाली भूमि पर बड़े पैमाने पर वनीकरण के माध्यम से जलवायु परिवर्तन को कम करना है। इस परियोजना ने ग्रामीण समुदायों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है, क्योंकि इसने बंजर भूमि को सतत् एवं बहुउद्देशीय वनों में परिवर्तित किया है। यह परियोजना पर्यावरणीय पुनर्स्थापन को ग्रामीण समुदायों के सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण विशेष रूप से हाशिये पर स्थित किसानों और महिलाओं को लक्षित करते हुए एकीकृत करती है। परियोजना के प्रमुख परिणाम इस प्रकार हैं:

- वानिकी समितियाँ पर्यावरण उन्नयन के लिए नोडल एजेंसियों के रूप में कार्य कर रही हैं और समुदाय की ईंधन लकड़ी, चारा तथा कृषि–आदानों जैसी आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं।
- समस्याग्रस्त भूमि (जैसे लवणीय, खारी, बीहड़ और जलभराव वाले क्षेत्र) अब पुनर्स्थापित होकर खेती योग्य भूमि में परिवर्तित हो गई हैं और आज उत्पादक संपत्तियों के रूप में सिद्ध हो रही हैं।
- प्रक्षेत्र वानिकी ने परियोजना क्षेत्र में पर्यावरणीय संतुलन, पारिस्थितिक पुनर्स्थापना और जैव विविधता संरक्षण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- कार्बन क्रेडिट परियोजना सदस्य किसानों के लिए सतत् आय का साधन बन रही है।
- प्रक्षेत्र वानिकी कार्यक्रम से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय समुदायों के लिए अतिरिक्त रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए हैं, जिससे विशेष रूप से महिलाओं को लाभ मिला है।
- रिवॉल्विंग फंड समिति तथा स्वयं–सहायता समूह सदस्यों को विभिन्न सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना में सहायता प्रदान कर रहा है, जिससे सतत् और सम्मानजनक आजीविका उत्पन्न हो रही है। संचालित सूक्ष्म उद्यम किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक हैं।




इफको पारादीप इकाई प्रमुख श्री पी.के. महापात्रा एवं आई.एफ.एफ.डी.सी. प्रबंध निदेशक श्रीमती माधवी एम. विप्रदास द्वारा ग्रीन बेल्ट विकास परियोजना के द्वितीय चरण का शुभारंभ

## (d) Green Belt Development

IFFCO has awarded a Green Belt Development Project Phase - 2 to IFFDC for increasing tree cover in the IFFCO Paradeep Plant area aimed at compliance to the norms of Pollution Control Board and contributing towards combating climate change. The project area in the Paradeep plant is waterlogged, therefore, the heaps were constructed and plantation of Mangrove and other suitable species was taken up on heaps.

- Total 28,100 saplings of Neem, Karanj, Casurina, Conocarpus (mangrove species) and Acacia have been planted and maintenance activities i.e. Staking, Hoeing, Weeding and Irrigation etc. have also been undertaken. The growth of plantation in the 25 hectare waterlogged area is satisfactory
- Maintenance works i.e. irrigation, hoeing weeding, Basin making etc. are being done. Consequently, 99% survival of the plants has been achieved.

## OUTCOMES OF FARM FORESTRY PROJECTS

The Farm Forestry Project focuses on mitigating climate change through large-scale afforestation of barren, problematic and waterlogged lands and it has significantly impacted rural communities by converting wasteland into sustainable multipurpose forests. The project integrates ecological restoration with socio-economic empowerment of rural communities, specifically targeting marginalised farmers and women. The major outcomes are as follows:

- PFFCS are serving as nodal agencies for environment up-gradation and catering to the fuel wood, fodder as well as other community needs of such as the supply of Agri-inputs.
- Problematic lands (Sodic, Saline, Ravine and Waterlogged, etc) have been restored and transformed into cultivable lands and thus productive assets.
- Ecological balance, eco-restoration and bio-diversity conservation of project tracts are major benefits of afforestation of these tracts.
- The Carbon Credit Project is generating sustainable income for member farmers.
- Farm Forestry Programme has engendered additional employment opportunities through various farm forestry activities for local communities, women being especially benefitted.
- Revolving Fund is enabling PFFCS as well as SHG members to establish various micro-enterprises, generating thereby sustainable and dignified livelihoods. The operationalised micro-enterprises are helping to achieve the aim of doubling Farmer's income.




Green Belt developed by IFFDC on Waterlogged land at IFFCO Paradeep Plant (Odisha)

## 2. जलग्रहण प्रबंधन (पारिस्थितिकीय प्रतिस्कंदन)

आई.एफ.एफ.डी.सी. ने काफी समय पूर्व ही अपने जलवायु परिवर्तन शमन के महत्व को समझ लिया और इन्हें अनिवार्यता क्लाईमेट एक्शन कार्यक्रम में अन्य विषयक अवधानों जैसे जल संसाधन विकास, मृदा–जल संरक्षण, क्लाईमेट प्रूफिंग, आजीविका आदि को समाहित करने के महत्व को अपना लिया था।

आई.एफ.एफ.डी.सी. को विशेषतः प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण समुदायों की जेंडर केंद्रित आजीविका उत्थान के लिए जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रम का व्यापक अनुभव है, जिसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया में उपयोग होने से संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत् विकास लक्ष्य सं. 13 "क्लाईमेट एक्शन" तथा सतत् विकास लक्ष्य सं. 15 "जमीन पर जीवन" में योगदान होता है।

सहभागिता के प्रति अभिरुचि के चलते, सहभागी तरीके से जलग्रहण विकास की परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं चिरंतरता प्रदान करने हेतु जमीनी स्तर पर ग्राम जलग्रहण कमेटी तथा जल उपयोग कमेटियां जैसी सामुदायिक संस्थायें विकसित की गयीं। जल एवं खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के क्रम में समुदाय के लिए पारिस्थितिकीय प्रतिस्कंदन निर्माण हेतु इस गतिविधि में भू–उपयोग योजना एवं विकास तथा अन्य आजीविका अर्जन से संबंधित गतिविधियों के एक व्यापक समूह को क्रमबद्ध तरीके से समाहित किया गया है।

जलग्रहण विकास का मुख्य उद्देश्य, भूमि व जल संसाधनों को संरक्षित व पुनर्स्थापित करना जिससे, जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रतिस्कंदन विकसित हो तथा इन क्षेत्रों में जल संकट एक और समस्या है जहाँ समुदाय में जलवायु परिवर्तन के प्रति सहनशीलता विकसित करना ताकि खाद्य एवं आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस हेतु, आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा जल संसाधनों के क्षरण को पुनर्स्थापित करने के लिए अन्य संस्थाओं तथा प्रत्यक्ष तौर पर नाबार्ड से एवं विभिन्न सरकारी संस्थाओं से अभिमुखीकरण कर संसाधन जुटाए जा रहे हैं।

"रिज से वैली तक" उपचार की अवधारणा के साथ भूमि उपचार, जलवायु शमन, आजीविका सृजन तथा ग्रामीण समुदाय का क्षमता विकास करते हुए सतत् सामुदायिक संस्थाओं जैसे ग्राम जलग्रहण विकास समितियों (वी.डब्ल्यू.डी.सी.) विकसित करने पर बल दिया जाता है।

चूँकि महिलायें जलचक्र की अभिन्न अंग हैं अतः परियोजना चक्र के सभी स्तरों में जेन्डर समानता को सुनिश्चित किया जा रहा है। विभिन्न मृदा एवं जल संरक्षण गतिविधियों के माध्यम से कुल 19,568 हैक्टेयर क्षेत्र को उपचारित किया गया है।




वर्षा जल संचयन हेतु कमलाडीह, जिला कटक (ओडिशा) में नाबार्ड–जलग्रहण विकास परियोजनांतर्गत निर्मित तालाब

## 2. Watershed Management (Ecological Resilience)

Early on in its Climate crusade, IFFDC recognised the importance of essentially integrating other thematic interventions like Water Resource Development, Soil Water Conservation, Climate Proofing, Livelihood etc. into this programme for its success.

IFFDC's experience of its watershed management programme for improving gender focused rural livelihoods of communities through natural resource management is in particular noteworthy. It bears repeating that this initiative contributes to the Sustainable Development Goals No. 13 "Climate Action" and SDG 15 “Life on Land” of the United Nations.

In line with its participatory predilection, Village Watershed Committees (VWC) and Water Users Committees (WUC) are developed at grass root level for implementing this programme using a participatory approach. Focusing on providing Water and Food Security, a comprehensive set of activities related to land use planning, development and other livelihood generation activities has been systematically integrated for building up the 'Ecosystem Resilience' of the community.

The purpose of watershed development is to build capabilities of the community to rehabilitate and conserve land and water resources, water being another increasingly threatened resource, in order to develop resilience towards climate change to ensure food and livelihood security. For this, IFFDC has joined hands with other agencies and is mobilising resources directly from NABARD and through convergence with various Government agencies and schemes for the restoration of depleting water resources.

The focus is on land treatment with "Ridge to Valley" treatment concept, climate proofing, livelihood generation and building capacities of the rural community by developing sustainable community institutions like Village Watershed Development Committees (VWDC).

Women being an important part of the water cycle, ensuring gender equity, at all stages of the project cycle is of paramount importance. A total area of 19,568 ha area has been treated by various soil & water conservation measures.



Anicut constructed under NABARD Watershed Development Project-Amriti, Distt. Satna (Madhya Pradesh)

## परियोजना विवरण

| सहायक संस्था | राज्य | जिला | उपचारित क्षेत्र (हेक्ट.) |
|---|---|---|---|
| नाबार्ड | छत्तीसगढ़ | कवर्धा, बिलासपुर | 2,609 |
| | मध्य प्रदेश | सागर, छिंदवाड़ा, सतना | 4,679 |
| | राजस्थान | प्रतापगढ़, उदयपुर | 1,652 |
| | तेलंगाना | निजामाबाद | 1,837 |
| | ओडिशा | कटक | 250 |
| | उत्तराखण्ड | नैनीताल | 10 |
| राज्य सरकारें | म.प्र. (मनरेगा) | भोपाल, श्योपुर, छतरपुर | 3,417 |
| | म.प्र. (आई.डब्ल्यू.एम.पी.) | छतरपुर, रीवा | 5,114 |
| | | **कुल** | **19,568** |

## प्रगति

- 400 हैक्ट. क्षेत्र को प्रभावी मृदा–जल संरक्षण हेतु 9,239 घन मी फार्म बंड, 202 घन मी स्टोन आउटलेट (एस.ओ.), 20 घन मी स्टैगर्ड कन्टूर ट्रैंच (एस.सी.टी.), 65 लूज बोल्डर संरचना (एल.बी.एस.), 1 संकन पौंड व 1 संयोजित गेबियन संरचना का निर्माण किया गया।
- वर्षा जल संचयन और संरक्षण उपायों के तहत, किसानों के खेतों में 23 फार्म पौंड व 2 रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया। इस एकत्रित पानी का उपयोग किसान अपनी फसलों की सिंचाई करने के लिए कर रहे हैं।
- जलग्रहण क्षेत्र में उप चरागाह क्षेत्र में, 3,459 वानिकी पौधे व 3,400 फलदार पौधे जैसे काजू, आलूबुखारा, नारियल व आम लगाकर वृक्षों का आवरण बढ़ाया गया है। इससे मिट्टी के कटाव को कम करने मे मदद मिल रही है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने मे भी सहायता मिल रही है साथ ही साथ इससे आय अर्जन में भी मदद मिलेगी।
- खेती योग्य जमीन में मिट्टी के कार्बन को बढाने के लिए, 10 किसानों को बायो डिकम्पोजर का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे खेतों मे पराली को सड़ाकर खाद में परिवर्तित किया गया व 5 किसानों को गोबर खाद के गड्ढों का निर्माण करने में सहायता की गई। साथ ही, मिट्टी की उर्वरता मे सुधार के क्रम में हरी खाद के लिए 10 किसानों को ढैंचा का 3 क्विंटल बीज प्रदान किया गया है, इससे मृदा कार्बन व मृदा उर्वरता में वृद्धि करने में मदद मिली है।
- किसानों को अपनी फसलों में रसायन रहित कीट नियंत्रण उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करने और उन्हें शिक्षित करने हेतु, 30 कीट ट्रैप सोलर लाईट किसानों के खेतो मे लगायी गयी जिससे हानिकारक कीटों की संख्या को एक निश्चित सीमा से नीचे बनाए रखने मे मदद मिली।
- 03 स्वयं सहायता समूहों को आय अर्जन हेतु, एक आटा चक्की व 02 किराना दुकान की स्थापना के लिए सहायता प्रदान की गयी एवं आय अर्जन हेतु, 30 इकाई मुर्गीपालन के लक्ष्य के सापेक्ष, 30 गरीब परिवारों को मुर्गी पालन हेतु, 30 इकाईयाँ (प्रति इकाई 216 वनराजा नस्ल के चूजे), चारा, अनाज पात्र एवं जल–पात्र के साथ स्थापित की गयीं। इससे गरीब परिवारों की आय एवं आजीविका अर्जन हेतु एक वैकल्पिक स्त्रोत विकसित हुआ है।
- ''जैविक खेती'' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 15 किसानों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण से उन्हें जैविक खेती प्रारंभ करने हेतु प्रोत्साहन मिला जिससे उनके फसल उत्पादों की अच्छी कीमत मिलना सुनिश्चित हुआ है।

## जलग्रहण विकास परियोजना के परिणाम

- परियोजना गांवों में भूजल स्तर और कुओं के जलस्तर में वृद्धि देखी गई है। किसान अब अपनी द्वितीय फसल भी सफलतापूर्वक ले पा रहे हैं, जिससे उनकी आय बढ़ी है।
- जलग्रहण क्षेत्र में मृदा–अपरदन में कमी आई है तथा अतिरिक्त क्षेत्र को खेती के अंतर्गत लाया गया है, जिससे दोहरी फसल क्षेत्र व फसल सघनता में वृद्धि हुई है।
- भूमिहीन किसानों और महिलाओं को कौशल विकास तथा मृदा–नमी संरक्षण गतिविधियों के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। परियोजना क्षेत्र के किसानों की 'क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर' संबंधी जानकारी में वृद्धि हुई है।
- मृदा उर्वरता और पारिस्थितिक पुनर्स्थापना में वृद्धि हुई है तथा उपचारित क्षेत्रों में बेहतर गुणवत्ता का चारा उपलब्ध हुआ, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है।
- यह परियोजना भारत सरकार के उद्देश्यों 'हर बूंद से अधिक फसल' तथा 'किसानों की आय दोगुनी करना' की प्राप्ति में सहायक सिद्ध हुई है।

## PROJECT DETAILS

| Supporting Agency | State | District | Treated Area (ha) |
|---|---|---|---|
| NABARD | Chhattisgarh | Kawardha, Bilaspur | 2,609 |
| | Madhya Pradesh | Sagar, Chhindwara, Satna | 4,679 |
| | Rajasthan | Pratapgarh, Udaipur | 1,652 |
| | Telangana | Nizamabad | 1,837 |
| | Odisha | Cuttack | 250 |
| | Uttarakhand | Nainital | 10 |
| State Govt. | MP (MGNREGA) | Bhopal, Sheopur, Chhatarpur | 3,417 |
| | MP (IWMP) | Chhatarpur, Rewa | 5,114 |
| | | **Total** | **19,568** |

## PROGRESS

- 400 ha area has been covered under these initiatives by constructing of 9,239 m3 Farm Bund (FB), 20 m3 Staggered Contour trench (SCT), 65 Loose Boulder Structure (LBS), 202 Stone Outlet (SO), 01 Sunken Pond and 01 Composite Gabion for Soil Water Conservation purpose.
- For harvesting and conserving rain-water, 23 Farm Ponds and 2 Recharge Pits were constructed on farmer fields. The farmers are utilizing the harvested water for irrigating their crops.
- The green cover in the watershed tracts has been increased by planting 3,459 saplings of forestry species and 3,400 saplings of fruit species i.e. Cashew Nut, Plum, Coconut and Mango on Sub-Pasture land. This is helping in the reduction of soil-erosion and mitigating climate change as well as it will help in income generation.
- To increase soil-carbon in arable land, 10 farmers were encouraged to use Bio-decomposer to decompose and convert the crop residues in the field into manure. 5 farmers were helped for the construction of Farm Yard Manure (FYM) Pits to prepare nutrient rich manure. Further, emphasis has also been laid on the cultivation of Dhaincha crop for green manure in 10 farmers' fields . These activities have helped in increasing carbon content in the soil and enhanced soil fertility.
- To demonstrate and educate farmers about the adoption of chemical free pest control measures on their crops, 30 Insect Trap Solar Lights were installed in their fields. This initiative has greatly helped in restricting the population of harmful insects to below threshold levels.
- Support for setting up of one Flour mill and 2 Grocery Shops has been provided to 3 SHG and 30 Poultry Units (216 Vanaraja breed Chicks in each unit) have been set up for 30 poor families accompanied by feed, feeder boxes and water boxes. This support by IFFDC has helped in offering an alternate livelihood source for them.
- Training on 'Organic Farming' has been organized in which 15 farmers participated. The training has initiated them into organic farming practices, which will enable them to secure better prices for their crop-produce.

## OUTCOMES OF WATERSHED DEVELOPMENT PROJECTS

- Increase of ground-water and water tables of wells in the project villages has been observed. Farmers are able to harvest a second crop successfully, leading to increased returns.
- Soil-erosion in the watershed area has reduced and additional area has been brought under cultivation, as a result of which the double cropped area as well as cropping intensity has risen.
- Landless farmers and women have been provided employment opportunities in the watershed area through skill development and various soil-moisture conservation activities. There is greater awareness and knowledge of "Climate Smart Agriculture" among the farmers of the project area.
- Enhanced Soil fertility and eco-restoration in the treated area has resulted in the production of good quality fodder for cattle with a consequent improvement in the health of cattle of the area.
- The Project activities have helped in contributing to "More Crop from Each Drop" and "Doubling Farmers Income" objectives of the Govt. of India

# किसान उत्पादक संगठन संवर्धन परियोजना

## (सतत् विकास लक्ष्य सं. 1 "निर्धनता नहीं" तथा लक्ष्य सं. 8 "प्रतिष्ठित कार्य एवं आर्थिक उन्नति")

किसान किसान उत्पादक संगठन प्राथमिक उत्पादकों, जैसे किसानों, दुग्ध उत्पादकों, मछुआरों, बुनकरों, ग्रामीण कारीगरों एवं शिल्पकारों द्वारा गठित एक वैधानिक संस्था है। यह एक उत्पादक कंपनी, सहकारी समिति अथवा कोई अन्य कानूनी इकाई हो सकती है, जो सामूहिक कार्यवाही करने के लिए प्रभावी तंत्र प्रदान करती है तथा उससे प्राप्त लाभ एवं सुविधाओं को अपने सदस्यों में परस्पर साझा करने की व्यवस्था करती है।

एफपीओ का मुख्य उद्देश्य अपने उत्पादक सदस्यों को ऐसी व्यावसायिक संस्था के माध्यम से बेहतर आय सुनिश्चित करना है, जिसका स्वामित्व, संचालन एवं नियंत्रण स्वयं उनके हाथों में हो। सामान्यतः छोटे उत्पादकों के पास न तो आवश्यक कृषि आदानों की पर्याप्त मात्रा होती है और न ही विपणन योग्य उत्पाद की इतनी मात्रा का उत्पादन होता है कि वे पैमाने की अर्थव्यवस्था का लाभ प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त, अपने उत्पादों के विपणन के दौरान उन्हें अनेक बिचौलियों की लंबी श्रृंखला से गुजरना पड़ता है, जहाँ पारदर्शिता का अभाव रहता है। परिणामस्वरूप, अंतिम उपभोक्ता द्वारा चुकाई गई कीमत का केवल एक छोटा हिस्सा ही उत्पादक तक पहुँच पाता है। अपने स्वयं के संगठन की स्थापना के माध्यम से आदानों एवं उत्पादों का सामूहिक संकलन करके प्राथमिक उत्पादक किसान पैमाने की अर्थव्यवस्था का लाभ उठा सकते हैं, जो सीमित व्यक्तिगत संसाधनों के कारण उनके लिए संभव नहीं हो पाता। सामूहिक रूप से कार्य करने पर उनकी मोलभाव करने की क्षमता भी बढ़ती है, जिससे वे उत्पादों के थोक खरीदारों तथा कृषि आदानों के बड़े आपूर्तिकर्ताओं के साथ बेहतर शर्तों पर लेन–देन कर सकते हैं।

एफपीओ के प्रोत्साहन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य से संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत् विकास लक्ष्य संख्या 1 "गरीबी उन्मूलन तथा लक्ष्य संख्या 8 "सम्मानजनक कार्य एवं आर्थिक वृद्धि की प्राप्ति में योगदान मिलता है, क्योंकि इससे किसानों के स्वयं के स्वामित्व वाले उद्योगों की स्थापना करके एफपीओ के सदस्य कृषकों की आय में वृद्धि करने हेतु बल मिलता है।

आईएफएफडीसी द्वारा, भारत सरकार की केंद्रीय क्षेत्र योजना "10,000 किसान उत्पादक संगठनों के संवर्धन एवं गठन" के अंतर्गत, नाबार्ड एवं एनसीडीसी के वित्तीय सहयोग से सात राज्यों क्रमशः उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, गुजरात एवं महाराष्ट्र में 49 एफपीओ के संवर्धन हेतु 10 परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन परियोजनाओं की अवधि अप्रैल 2021 से मार्च 2026 तक पाँच वर्ष की है। वर्ष 2025–26 के दौरान हुई प्रगति का विवरण निम्नानुसार हैः



श्री मनीष दिलीपभाई संघाणी, निदेशक, आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा आई.एफ.एफ.डी.सी. संवर्द्धित अमरेली एफ.पी.ओ. में मूँगफली खरीद का शुभारंभ

# Promotion of Farmer Producer Organisations (FPO) Project

## (Sustainable Development Goal No. 1 “No Poverty” and Goal No. 8 "Decent Work and Economic Growth")

A Farmer Producer Organisation (FPO) is a legal entity formed by primary producers, viz. farmers, milk producers, fishermen, weavers, rural artisans, craftsmen. It can be a producer company, a cooperative society or any other legal entity, which provides a mechanism for collective action and for sharing profits/benefits arising there from among the members.

The main aim of a FPO is to ensure better incomes to its producer members from a business organisation that they own, run and control. Small producers universally lack the individual volumes both in terms of inputs needed by them, and their marketable produce, that would allow them to access the benefit of economies of scale. Besides, the long chain of intermediaries they encounter in their marketing, who most often work with a lack of transparency or complete non-transparency, leads to a scenario where the producer invariably receives only a small part of the value that the ultimate consumer pays. Through aggregation at all levels of inputs and outputs made possible by setting up their own organisation, the primary producers can avail the economies of scale, which their individual limited resources prevents them from doing. In unison, they also command better bargaining power vis-à-vis the bulk buyers of produce and bulk suppliers of inputs.

The promotion and nurturing of FPO contributes to the Sustainable Development Goal No. 1 “No Poverty” and Goal No. 8 "Decent Work and Economic Growth" as it helps in creating farmer owned enterprises and increasing incomes of the FPO members.

IFFDC is implementing 10 projects for Promotion of 49 FPO in seven States i.e. Uttar Pradesh, Uttarakhand, Bihar, Haryana, Madhya Pradesh, Gujarat and Maharashtra with financial support from NABARD and NCDC under the Central Sector Scheme of the Govt. of India for Promotion of 10,000 Farmer Producer Organisations (FPO). The project duration is of five years from April 2021 to March 2026. The progress for the year 2025-26 is as below:




Hon'ble Chief Minister Haryana Shri Nayab Singh Saini presenting Credit Linkages Cheque of Nabkisan to Dada Paadri FPO, Jind

- आई.एफ.एफ.डी.सी. को आवंटित सभी 49 एफपीओ का गठन कर लिया गया है, जिनमें से 27 संबंधित राज्यों के सहकारी अधिनियम के तहत तथा 22 कंपनी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हैं। इन एफपीओ में कुल 36,218 किसान शेयरधारक हैं।
- एफपीओ लोकतांत्रिक तरीके से कार्य कर रहे हैं तथा भागीदारीपूर्ण निर्णय लेने की सुव्यवस्थित व्यवस्था विकसित की गई है। एफपीओ की गतिविधियों व प्रगति पर चर्चा हेतु सदस्यों की 2,326 बैठकें आयोजित की गईं। इसी प्रकार, निदेशक मण्डल की 1,928 बैठकों का नियमित रूप से आयोजन किया गया, जिनमें व्यवसायिक योजना, कार्यान्वयन, संसाधन संचयन, भागीदारीपूर्ण अनुश्रवण तथा निर्णय लेने जैसे विषयों पर चर्चा की गई।
- इन एफपीओ के निदेशक मण्डल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के लिए 164 प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा 140 एक्सपोजर भ्रमण का आयोजन कर उनकी क्षमता एवं कौशल विकसित की गयी। इनमें एफपीओ संचालन, बिजनेस डेवलपमेंट, मार्केट डेवलपमेंट, फंड मैनेजमेंट, रिकॉर्ड कीपिंग, कृषि तकनीकों में नए विकास, तथा सरकारी योजनाओं के साथ कन्वर्जेन्स जैसे विषय का ज्ञान विकसित किया गया।
- विधिक प्रावधानों के अंतर्गत विभिन्न एग्री—बिजनेस संचालित करने हेतु सभी 49 एफपीओ ने पैन और जी.एस.टी. नंबर प्राप्त कर लिए हैं। इसी प्रकार, 30 एफपीओ को मंडी लाइसेंस, 47 एफपीओ को एफ.एस.एस.ए.आई. लाइसेंस तथा 44 एफपीओ को उर्वरक, बीज, कीटनाशक व अन्य कृषि—इनपुट की बिक्री हेतु लाइसेंस प्राप्त हुए हैं। उनकी उपज का ऑनलाइन विपणन भी किया जा रहा है, जिसके लिए 48 एफपीओ ई—नाम पोर्टल तथा 49 एफपीओ ओ.एन.डी.सी. पोर्टल पर पंजीकृत हैं।
- योजना के दिशा—निर्देशों के अनुसार प्रगति / लक्ष्यों की प्राप्ति के आधार पर 47 एफपीओ को 461.71 लाख रुपये की इक्विटी ग्रांट, तथा 49 एफपीओ को 636.73 लाख रुपये एफपीओ प्रबंधन लागत के रूप में भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए हैं। इसी प्रकार, इन एफपीओ को बढ़ावा देने और सहयोग प्रदान करने हेतु आई.एफ.एफ.डी.सी. को 725.12 लाख रुपये की सी.बी.बी.ओ. प्रबंधन लागत की अनुदान राशि प्राप्त हुई है।
- आई.एफ.एफ.डी.सी. के सहयोग से 43 एफपीओ ने नैनो फर्टिलाइजर, थोक उर्वरक, बीज, कीटनाशक, जैव उर्वरक आदि कृषि—इनपुट व्यवसाय शुरू किए और 15.71 करोड़ रुपये का टर्नओवर प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, 39 एफपीओ ने कृषि—उपज व्यापार किया और 453.74 करोड़ रुपये का टर्नओवर हासिल किया।



अपना सिरसा कृषक उत्पादक संगठन जिला सिरसा (हरियाणा) द्वारा किन्नू खरीद व्यवसाय

- All 49 FPOs allocated to IFFDC have been formed of which 27 are registered under respective State Cooperative Acts and 22 are under the Companies Act. 36,218 Farmers are the shareholders of these FPOs.
- The FPOs are functioning democratically and have well established participatory decision-making mechanisms in place. These FPOs have so far organised 2,326 meetings of their shareholders to discuss FPO activities and progress. Also 1,928 meetings of the Boards of Directors of FPOs have been organised on a regular basis for participatory business planning, execution of business plans, resource mobilisation, participatory monitoring and decision making etc.
- The skill and capacity of the Boards of Directors & Chief Executive Officers of these FPOs has been enhanced by executing 164 training programmes and organising 140 Exposure visits for them, to observe hands on and imbibe the knowhow of efficient functioning practices, business development, market development, fund management, record keeping, new advancement in agriculture technologies, convergence with government schemes etc. of live examples of other businesses akin to themselves.
- For undertaking various agri-businesses under a legal framework, all 49 FPOs have obtained PAN and GST numbers. Similarly, 30 FPOs have obtained Mandi Licenses, 47 FPOs have obtained FSSAI Licenses and 44 FPOs obtained licenses for sale of Fertilisers, Seeds, Pesticides and other agri-inputs. The online marketing of their produce is also being done and for that, 48 FPOs are registered on the National Agriculture Market (e-NAM) portal and 49 FPOs are on ONDC portal.
- Based on the progress/milestones achieved as per the guidelines of the scheme, 47 FPOs have received Equity Grants of Rs. 461.71 Lakh and 49 FPOs have received Rs. 636.73 Lakh as FPO Management Cost from the Govt of India under the scheme. Similarly, IFFDC has received a grant sum of Rs. 715.12 Lakh towards CBBO Management Cost for their promotion of and providing handholding support to these FPOs.
- With IFFDC support, 43 FPOs have undertaken the business of Agri-inputs i.e. Nano Fertilisers, Bulk Fertilisers, Seeds, Pesticides, Bio-fertilisers and achieved a turnover of Rs. 15.71 crore. Besides this, 39 FPOs have undertaken Agri-commodity trading and achieved a turnover of Rs. 453.74 Crore.



Exhibition Stall of Value Added Agri-produces by Himalaya F.P.O., Distt. Nainital at Cooperative Fair 2025

# समन्वित ग्रामीण आजीविका विकास

देश में समावेशी विकास को मुख्य ध्येय रखकर की गयी बहुत सारी पहलों के उपरान्त भी भूमि, जल, उन्नत आदानों, तकनीकियों एवं सूक्ष्मवित्त जैसे उत्पादक आदानों तक समुदाय की सीमित पहुँच एवं इसके साथ–साथ जलवायु परिवर्तन के प्रति अति संवेदनशीलता एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण से गरीबी है।

यह दोहराने योग्य है कि, आई.एफ.एफ.डी.सी. के ग्रामीण विकास के दृष्टिकोण में, लोगों को केन्द्र बिन्दु में रखा जाता है तथा उनके लिए सम्पत्तियाँ, दक्षता, सहायक नीतियाँ, सशक्त संस्थाओं एवं विनियामक संरचनाओं के निर्माण पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। जिससे, विकास को बढ़ावा मिलता है तथा अतिसंवेदनशील समुदाय को सुरक्षा प्राप्त होती है। ताकि, पुरुष एवं महिलाऐं साथ–साथ अपनी चिरन्तर आजीविका के लिए रोजगार एवं आय अर्जन के नये अवसरों तक अपनी पहुँच बना सकें।

इसके लिए, आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा, इफको एवं अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर, गरीब व सीमांत समुदाय की आजीविका विकास के लिए उत्पादन वृद्धि, लागत में कमी, मूल्य वृद्धि, गैर कृषि आधारित आय सृजन, विपणन सहायता आदि जैसे विभिन्न उपाय किये गये।

## परियोजना विवरण

| परियोजना | राज्य | जिला |
|---|---|---|
| ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना | ओडिशा | गंजाम |
| ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना | पश्चिम बंगाल | झारग्राम |
| ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना | झारखण्ड | देवघर |

इसमें, जलवायु स्मार्ट कृषि विकास पद्धति, जल संसाधन विकास, महिला सशक्तिकरण, क्षमता निर्माण, कौशल विकास आदि की उपलब्ध उपयुक्त तकनीकियाँ, जो कि, अभी तक किसानों के खेत तक नहीं पहुँची, के संवर्द्धन पर ध्यान दिया जा रहा है। इस प्रक्रिया के संदर्भ में, आई.एफ.एफ.डी.सी. ने आर्थिक स्तर को प्राप्त करने एवं प्रदर्शन प्रभावों के लिए 'किसानों को केन्द्रित' रखते हुए प्रशिक्षण, प्रसार, एक्सपोजर भ्रमण एवं क्लस्टर दृष्टिकोण को अपनाया है। ग्रामीण आजीविका विकास पर आधारित विभिन्न आयाम निम्न हैं:–



ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना–देवघर (झारखण्ड) अंतर्गत संवर्द्धित समूह सदस्यों के लिए सिलाई प्रशिक्षण

# Integrated Rural Livelihood Development

Despite a multitude of initiatives aimed at inclusive growth in the country, poverty persists because of limited access to productive resources, such as land, water, improved inputs, technology and micro-finance, as well as vulnerability to climate change and natural calamities.

It bears repeating that IFFDC's rural livelihoods approach places people at the centre of development and focuses on building assets and skills, supportive policies, robust institutions and regulatory structures that both encourage growth and protect the most vulnerable, so that women and men together can access new opportunities for income generation and employment for their sustainable livelihoods.

Towards this end, IFFDC is undertaking several measures in collaboration with IFFCO for increasing productivity, reducing input costs, value addition, non-farm income generation, providing marketing support etc. for enhancing the livelihoods of the poor and marginalised communities under the following projects.

## PROJECT DETAILS

| Project | State | District |
|---|---|---|
| Rural Livelihood Development Project | Odisha | Ganjam |
| Rural Livelihood Development Project | West Bengal | Jhargram |
| Rural Livelihood Development Project | Jharkhand | Deoghar |

The focus is on promotion of available appropriate technologies for Climate Smart Farming system development, Water resource development, Women empowerment, Capacity building, Skill development etc. that have not yet percolated to the farmerfields. To make a dent in this process, the IFFDC is adopting 'Farmer-Centric' processes through training, extension, exposure visits and cluster approach to achieve economies of scale and for having a demonstration effect. The need-based interventions for developing sustainable rural livelihoods undertaken in the project areas are as follows:




Introduction of Strawberry Cultivation for crop diversification and income generation under RLDP-Jhargram (West Bengal)

## प्रगति

- परियोजना क्षेत्र में पर्यावरण और पारिस्थितिकी के संरक्षण के लिए किसानों के खेतों पर आम, बेर, अमरूद, स्ट्रॉबेरी, नींबू, कटहल, नारियल, सुपाड़ी, काजू आदि के 8,850 पौधे लगाए गए हैं। इससे किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत मिला है और उनके परिवारों के लिए पौष्टिक भोजन की उपलब्धता भी बढ़ी है। इसी तरह 950 गरीब परिवारों को 1,925 एलईडी बल्ब प्रदान किए गए, जिनसे बिजली की लागत बचाने और कार्बन उत्सर्जन में कमी करने में मदद मिली है।
- परियोजना क्षेत्र के महिला स्वयं सहायता समूहों के क्षमता विकास के लिए उचित कार्यप्रणाली एवं समूह प्रबंधन, रिकॉर्ड संधारण आदि विषयों पर 12 प्रशिक्षण आयोजित किए गए। इससे स्वयं सहायता समूहों का संचालन सुचारु और प्रभावी हुआ।
- 195 महिला सदस्यों को बड़ी बनाने, कैटरिंग व्यवसाय, मिनी राईस मिल, गन्ने का रस बेचने और पेपर प्लेट बनाने जैसी आय–वर्धक गतिविधियों के लिए मार्गदर्शन एवं सहयोग दिया गया। साथ ही 105 गरीब परिवारों को मछली पालन, सूअर पालन और कुक्कुट पालन के लिए उन्नत नस्लें एवं तकनीकी जानकारी देकर सहायता की गई, जिससे उन्हें स्थायी आजीविका के लिए वैकल्पिक आय स्रोत प्राप्त हुए।
- फसल सुधार और उत्पादकता बढ़ाने हेतु 1,080 किसानों को सब्जियों, दलहन एवं तिलहन की उच्च उपज वाली किस्मों के बीज उपलब्ध कराए गए। 1,100 किसानों ने इफको जल घुलनशील उर्वरक और जैव उर्वरकों जैसे नवीन पौध–पोषक उत्पादों को अपनाया। इसके अलावा, इफको नैनो यूरिया प्लस और इफको नैनो डीएपी (तरल) जैसे विश्व की प्रथम अन्वेषणों का प्रसार 1,721 किसानों को नैनो उर्वरक उपलब्ध कराकर किया गया। इनसे फसल उत्पादन में वृद्धि, लागत में कमी, मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण संरक्षण में सहायता मिली।
- परियोजना क्षेत्र में जल संसाधन विकसित करने के लिए 2 नहर/नाला, 4 तालाब, 17 फार्म पॉन्ड (हापा) और 4 कुओं का निर्माण/पुनरुद्धार किया गया। 40 किसानों की 22 एकड़ भूमि में स्प्रिंकलर सिस्टम से सिंचाई जल उपयोग दक्षता बढ़ी। 32 किसानों की 14 एकड़ भूमि में पीवीसी पाइपलाइन लगाने से सिंचाई जल की बचत हुई। इन हस्तक्षेपों से 80 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचित क्षेत्र बढ़ा। आवश्यकतानुसार 4 बोरवेल एवं सोलर आधारित वाटर फिल्टर यूनिट लगाई गईं, जिससे 225 ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है।
- किसानों द्वारा मशीनीकृत कृषि को अपनाने में परियोजना ने पेट्रोल चालित वाटर पंप, स्प्रे मशीन तथा स्वयं सहायता समूह सदस्यों को पावर पैडी थ्रेशर आदि उपलब्ध कराकर सहयोग किया इससे किसानों की आय बढ़ी और मेहनत कम हुई।



इफको–ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना–गंजाम (ओडिशा), देवघर (झारखण्ड) एवं झारग्राम (प.बं.) अंतर्गत स्वच्छ पेयजल एवं सिंचाई हेतु जल स्त्रोत विकास

## PROGRESS

- For conserving environment and ecology in the project area, 8,850 saplings of Mango, Ber, Guava, Strawberry, Lemon, Jackfruit, Coconut, Beetal Nut, Cashew etc have been planted on farmer fields. This is contributing to both an additional source of income and increased nutritional food availability for their families. 950 poor families were also provided with 1,925 LED Bulbs, which are helping to save electricity cost and carbon emission reduction.
- The capacity of the SHG members in project areas has been upgraded through imparting 12 training programmes on Proper Functioning & Management of Groups, Record Keeping etc. It has helped the SHG in smooth and effective functioning.
- Handholding support has been provided to 195 Women members of SHG for undertaking income generation activities such as Badi Making, Catering Business, Rice Shelling, Sugar Cane Juice Selling and Paper Plate Making etc. Moreover, help was also extended to 105 poor families for setting up fish farming, pig and poultry rearing units by providing them with improved breeds and technical know-how. This has resulted in developing an alternate source of income for their sustainable livelihood.
- For crop improvement and productivity enhancement, 1,080 farmers were supported with High Yielding Variety (HYV) Seeds of Vegetable, Pulses and Oil Seed Crops. 1,100 farmers have adopted and used innovative crop nutrition products i.e. IFFCO Water Soluble fertilisers and Bio-fertilisers. Further, IFFDC has been actively promoting the world's first invention of nano fertiliser viz IFFCO Nano Urea Plus and IFFCO Nano DAP (Liquid) by providing Nano Fertilizers bottles to 1,721 farmers. This has helped in increasing crop yields, reducing production costs, improvement of soil health and conserving environment.
- Water resources have been developed in the project area by constructing/rejuvenating 02 Canal/Nala, 04 Ponds, 17 Farm Ponds (Hapa) and 4 Wells. Water Use Efficiency of irrigation water has increased with introduction of sprinkler systems in 22 acres of land of 40 farmers. Similarly, a saving of irrigation water has been achieved by  installing PVC irrigation pipes in 14 acres of  crop lands owned by 32 farmers. As a result of these interventions 80 hectares of additional area has been brought under irrigation . On need basis, 4 Bore-Wells with Solar based Water Filter Units have been installed, resulting in 225 rural families getting safe drinking water.
- Project interventions including providing farmers with Petrol Operated Water Pump Sets, Spray Machines and SHG members with Power Paddy Threshers etc have helped the adoption of mechanised farming by them. These new techniques and technology have helped in generating additional incomes and reducing drudgery




Drinking water resource development by renovating existing wells for tribal community under RLDP-Jhargram (West Bengal)

### ग्रामीण आजीविका विकास परियोजनाओं के परिणाम

- आसपास के कुओं और ट्यूबवेल में जल उपलब्धता बढ़ने से किसान अब अपनी फसलों को 2 से 4 बार अधिक सिंचाई दे पा रहे हैं। पानी की उपलब्धता बढ़ने से भिंडी, खीरा, पत्ता गोभी, टमाटर, मटर, आलू, मिर्च, बैंगन आदि नई फसलें उगाई जाने लगी हैं।
- किसानों को सुनिश्चित जल संसाधन उपलब्ध होने से 80 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई होने लगी। इससे किसान अब द्वितीय फसल भी उगा रहे हैं और फसल क्षेत्र एवं फसल सघनता दोनों बढ़ी हैं।
